# एनटीपीसी-विंध्याचल का 43वां स्थापना दिवस समारोह का किया गया आयोजन

सिंगरौली

एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे दिनांक 12 नवंबर को एनटीपीसी-विंध्याचल के 43वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशासनिक-भवन परिसर मे आयोजित इस कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने एनटीपीसी ध्वजारोहण किया और सभी ने एनटीपीसी गीत गाया। साथ ही मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं नामित परियोजना प्रमुख (सिमाद्री), मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी के साथ केक काटकर हवा मे रंग-बिरंगे गुब्बारों को उड़ाया गया, जिसने आसमान को जश्न में रंग दिया। इस शुभ अवसर पर महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (मेंटीनेंस) एजे राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (संविदा एवं



सामग्री) डीके अग्रवाल, महाप्रबंधक (परियोजना) अतिन कुंडु, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अन्य विभागाध्यक्ष, अनुभागाध्यक्ष, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, उपाध्यक्षा (सुहासिनी संघ) श्रीमती नीता शर्मा व श्रीमती सारिका चतुर्वेदी एवं सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण, सीआईएसएफ उप कमांडेंट शिव कुमार एवं उनकी टीम, अपने उद्बोधन में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार ने कहा कि 12 नवंबर, 1982 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के कर-कमलों से हमारी परियोजना की नींव रखी गई थी। 01 सितंबर, 1987 को एनटीपीसी-विंध्याचल की प्रथम यूनिट का कामर्शियल आपरेशन आरंभ हुआ। विगत वर्षों में एनटीपीसी विंध्याचल ने उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाया है और आज एनटीपीसी ही नहीं, अपितु राष्ट्र की विशालतम विद्युत परियोजना होने के भाव से अभिभूत हैं। शून्य से लेकर 4783 मेगावाट के माइल-स्टोन को प्राप्त करने के लिए विंध्याचल के कर्मठ कर्मचारियों ने विपरीत परिस्थितियों में असीम धैर्य, त्याग, तपस्या और बलिदान दिया है। विंध्याचल परियोजना ने प्लांट प्रदर्शन एवं विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कई बेंच-मार्क स्थापित किए हैं। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख(विंध्याचल)महोदय एवं सभी महाप्रबंधकगणों ने कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया और उनके बहुमूल्य योगदान की सराहना की। इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के 43वां स्थापना दिवस के अवसर पर नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना मे कार्यरत कुल 160 को फूलों की बागवानी करने वाले मालियों को कंबल वितरण किया गया, जिसे प्राप्त कर सभी बहुत उत्साहित हुये।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उप महाप्रबंधक (आईटी) सौरभ बनौधा एवं बीके शुक्ला द्वारा बांसुरी और ढोलक के माध्यम से मधुर संगीत प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी आनंद विभोर हो गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनके प्रस्तुति की सराहना की।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना द्वारा किया गया ।

# अतिथि शिक्षक भर्ती के एवज में व्याख्याता का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

## मामला उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी का, मचा हड़कंप

सिंगरौली। विकासखंड चितरंगी अंतर्गत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में अतिथि शिक्षक कैंडिडेट से एक भ्रष्ट प्रभारी अधिकारी पैसे लेते नजर आ रहा हैं। वीडियो वायरल होने के बाद डीईओ कार्यालय सहित बीईओ कार्यालय में हड़कंप मच गया।

गौरतलब है कि अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए एक अधिकारी का कैंडिडेट से रिश्वत लेते सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है वायरल वीडियो करीब एक सप्ताह पहले का है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियों उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितरंगी में पदस्थापित व्याख्याता और आहरण सह वितरण प्रभारी अधिकारी बब्बू सिंह का है। जहां बब्बू सिंह अतिथि शिक्षक भर्ती के लिए



आवेदन करने वाले उम्मीदवारों से रिश्वत लेते वीडियो में नजर आ रहें हैं। बताया जा रहा है कि व्याख्याता अतिथि शिक्षक भर्ती में उम्मीदवारों से पैसे की डिमांड करते थे। वह स्कोर कार्ड जनरेट, अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया, वेतन भुगतान एवं अतिथि शिक्षक अनुभव प्रमाण पत्र में रिश्वत ले रहा था। जहां एक उम्मीदवार भ्रष्ट अधिकारी से परेशान होकर अधिकारी का रिश्वत लेते वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### डीईओ के ऊपर लग रहे आरोप

जिले में कोई भी ऐसा विभाग नहीं है जो भ्रष्टाचार से अछूता हो। हर जगह विभागों में दलाल सक्रिय हैं। सूत्रों की माने तो शिक्षा विभाग में सरकारी मुलाजिम सहित संविदा में अवैध वसूली के लिए दलाल रखे गए हैं। बताया जा रहा है कि बीईओ कार्यालय में अतिथि शिक्षक भर्ती में लाखों रुपए की वसूली की गई है और इसका एक बड़ा हिस्सा डीईओ कार्यालय तक पहुंचता है। जनसुनवाई में कलेक्टर के पास लगातार आ रही शिकायती आवेदन भी कुछ इसी तरह इशारा कर रहे हैं।

### इनका कहना है

*रिश्वत लेने की जानकारी मेरे पास नहीं है, आपके माध्यम से जानकारी मिली है, वायरल वीडियो की जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।*

**एसबी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली**

# परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से निकली नाबालिका को पुलिस ने किया दस्तयाब




सिंगरौली। बीते सोमवार सुबह बरगवां थाना क्षेत्र के कसर अंतर्गत 14 वर्षीय नाबालिका की गुमशुदगी की खबर मिलते ही बरगवां पुलिस हरकत में आ गई। किसी अनहोनी घटना से आशंकित बरगवां निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अपराध क्रमांक 908/24 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना शुरू कर दी। क्योंकि नाबालिका 29 अक्टूबर की देर रात 1 बजे घर से गायब हुई थी। उसके परिजनों ने आसपास समेत अपने परिचितों के पास तलाश करने पर भी जब नाबालिका की जानकारी नहीं मिली, तो थक हार कर परिजन थाने जा पहुंचे थे और निरीक्षक को घटना की जानकारी दी थी।

बरगवां निरीक्षक ने जानकारी मिलने के बाद ही अपनी टीम को सक्रिय किया। जिसके बाद नाबालिका को बरगवां क्षेत्र से ही दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया गया। घर से गायब नाबालिका ने पुलिस को बताया कि घर वालों की डांट से छुब्द होकर वह घर से अपने दूर के रिश्तेदार के यहां चली गई थी।उक्त कार्यवाही में उप निरी. आराधना तिवारी, प्र. आर. उमेश विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कतरिहार से गायब नाबालिका को पुलिस ने छतरपुर से ढूंढ निकाला

## बहला फुसलाकर भागने वाला आरोपी भी गिरफ्तार

सिंगरौली

मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम कतरिहार से गायब हुई 14 वर्षीय नाबालिका को मोरवा पुलिस ने अंततः 9 महीने की कड़ी मशक्कत के बाद छतरपुर से दस्तयाब कर लिया। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया का सहारा लेकर छतरपुर के एक युवक ने नाबालिका को अपने प्रेम जाल में फसाया और उसे भगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

गौरतलब है कि सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा जिले से गुम हुए बालक-बालिकाओं के दस्तयाबी हेतु विशेष निर्देश प्राप्त कर जिले के पुलिस बल द्वारा




थाना क्षेत्र से गायब हुए लोगों को ढूंढने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में मोरवा क्षेत्र के एक ग्राम से 14 वर्षीय नाबालिका की दस्तयबी कर उसके परिजनों को सौंपा गया है। जानकारी अनुसार 26 मार्च की दोपहर एक 14 वर्षीय नाबालिका ग्राम कतरिहार से उसे समय गायब हो गई थी जब उसके परिजन खेतों पर काम करने गए थे। कई जगह पता तलाश करने पर भी जब उसकी सूचना हाथ नहीं लगी तो परिजन थाने जा पहुंचे। इसके बाद एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन में तत्कालीन निरीक्षक अशोक सिंह परिहार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध क्रमांक 492/24 धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना शुरू की। पुलिस द्वारा नाबालिक को ढूंढने के कई प्रयास किए गए परंतु सफलता हाथ नहीं लग रही थी। इसके बाद वर्तमान निरीक्षक कपूर त्रिपाठी ने साइबर सेल की भी मदद ली और कॉल डिटेल के आधार पर मोरवा पुलिस कड़ियाँ जोड़ते हुए छतरपुर जा पहुंची। जहां से नाबालिका को दस्तयाब कर लिया गया। नाबालिका के बयान के आधार पर छतरपुर के तमेरनघेरा निवासी रामदीन लोधी पिता लालू लोधी उम्र 26 वर्ष को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आरोपी को धारा 363, 366, 376 (2)(ड्ढ), 376(3) भादवि एवं 4(2) ), 5 स्र6 पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कपूर त्रिपाठी के साथ उपनिरीक्षक राजकुमार त्रिपाठी, सहायक उपनिरीक्षक संतोष सिंह, संजीत सिंह, प्रधान आरक्षक सुबोध सिंह तोमर एवं पंकज चतुर्वेदी समेत साइबर सेल के टीम की की सराहनीय भूमिका रही।

# शंकर मार्केट में मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, नगर पुलिस अधीक्षक की सतत् निगरानी एवं थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार द्वारा अपनी टीम के साथ शंकर मार्केट जयंत में विवाद करने वाले आरोपी को जयंत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 11 नवम्बर को शंकर मार्केट निवासी राहुल कुमार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई, कि बीते 10 नवम्बर के रात में दुकान बंद कर अपने घर शंकर मार्केट जा रहे थे, पीछे से राकेश मिश्रा आया और बोला कि इतनी रात क्यो घूम रहे हो तब आवेदक द्वारा बताया गया कि दुकान बंद कर घर जा रहे है, तब आरोपी बोला रात में घूमते हो और हमे बता रहे हो कि दुकान बंद करके घर जा रहे है,



और इसी बात को लेकर आरोपी राकेश मिश्रा, आवेदक को बुरी-बुरी गाली देने लगा। आवेदक द्वारा गाली देने से मना करने पर आवेदक के साथ मारपीट करने लगा, जिस पर आरोपी राकेश मिश्रा पिता गणेश मिश्रा उम्र-29 वर्ष निवासी मुस्तफाबाद थाना गोरियाकोटी जिला सिवान बिहार हाल शंकर मार्केट जयंत थाना विन्ध्यनगर जिला सिंगरौली मप्र के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण पंजीबद् करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था, जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी जयंत उनि सुधाकर सिंह परिहार सउनि श्यामबिहारी द्विवेदी, सउनि उत्तम सिंह, सउनि राजवर्धन सिंह, प्रआर कुनाल सिंह, बीरेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र सिंह, सुनील मिश्रा, आर प्रकाश सिंह, महेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही है।

# एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय मे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्य चिकित्सालय द्वारा एनटीपीसी विंध्याचल के 43वें स्थापना दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा एवं नामित



परियोजना प्रमुख (सिमाद्री), मुख्य महाप्रबंधक(चिकित्सा) डॉ. बीसी चतुर्वेदी, महाप्रबंधक(आर एल आई) त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (हरित रसायन) सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक, महाप्रबंधक(प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डीके अग्रवाल, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों नें स्वयं रक्तदान कर सभी का उत्साहवर्धन किया। इसके साथ ही सीआईएसएफ के जवानों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाते हुये रक्तदान किया। इस शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्साधिकारी (विंध्य चिकित्सालय) बीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं निदेशक (रेडक्रॉस ब्लड बैंक) आर डी द्विवेदी के सहयोग से किया गया। शिविर में एनटीपीसी विंध्याचल के अधिकारियों एवं सुरक्षाबल के जवानों एवं रहवासियों द्वारा अपनी-अपनी स्वेच्छा से ब्लड रक्तदान किया गया।

इस अवसर पर विंध्य चिकित्सालय के समस्त वरिष्ठ विशेषज्ञ, चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी मौजूद रहें। इस अवसर पर रेड क्रास ब्लड बैंक सिंगरौली एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी-एनटीपीसी ने इस महान कार्य की सराहना की।

# झारा विद्यालय की पठन-पाठन व्यवस्था चौपट



सिंगरौली। जिला मुख्यालय से 75 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत झारा में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है। इस विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों में अनुशासन की कमी देखा जा रहा है। यहां के बच्चे क्लास टाइम में इधर-उधर घूमते हुए देखे जाते हैं। झारा विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई की स्थिति बद से बद्तर है। शिक्षक भी मनमानी तरीके से आना-जाना करते देखे जा रहे हैं। इस विद्यालय की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट भी निराशाजनक आता है। फिर भी विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक पठन-पाठन में रुचि नहीं ले रहे हैं। विद्यालय के ही कुछ छात्रों द्वारा बताया गया कि हम लोगों का कोर्स बहुत पीछे है। इसके अलावा वर्तमान तिमाही परीक्षा में कोर्स बहुत पीछे थी, जबकि चालू सत्र के तिमाही परीक्षा के प्रश्नपत्र में बिना पढ़ाया गया पाठ के भी प्रश्न आए थे जिन्हें छात्रों ने हल नहीं कर पाए। यदि शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल झारा की यही उदासीन रवैया रहा तो उक्त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य गर्त में चली जाएगी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने इस ओर जिला कलेक्टर सिंगरौली का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक विंध्यनगर, थाना प्रभारी नवानगर ज्ञानेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी विंध्यनगर श्रीमती अर्चना दिवेदी, महिला थाना प्रभारी श्रीमती प्रियंका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।जनसुनवाई श्रीमती निवेदिता गुप्ता के द्वारा आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये, जिसे प्रत्येक आवेदकों से रू-ब-रू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से गंभीरतापूर्वक सुना जाकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

# बिना काम के सरपंच-सचिव ने निकाली निर्माण कार्यों की राशि

सिंगरौली। देवसर विकासखंड क्षेत्र की सरौंधा ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव ने मौके पर बिना काम कराए ही पंचायत के खाते से निर्माण कार्यों की राशि निकाल ली। मामले की शिकायत जिला पंचायत सीईओ से लेकर कलेक्टर से की गई, लेकिन उनके द्वारा आरोपितों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। इसके बाद शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई में पहुंच कलेक्टर से शिकायत कर सरपंच सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सरपंच-सचिव और रोजगार सहायक शासन को लाखों रुपये का चूना लगाने में जुटे हैं।

गौरतलब हैं कि देवसर विकासखंड में सभी पंचायत के निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है इन भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए जिला पंचायत के जिम्मेदार बराबर के राजदार हैं?। यही वजह है कि निर्माण कार्यों में



भ्रष्टाचार प्रमाणित होने के बाद भी कोई भी कार्यवाही नहीं होती। लिहाजा अब जनसुनवाई में शिकायत कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला तक पहुंचीं है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सरौंधा पंचायत में भ्रष्टाचार की शिकायत जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह से की गई। लेकिन अभी तक सरपंच और सचिव के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए हैं कि सरपंच श्रीमती गुजरतिया देवी एवं सचिव राममनोहर पाठक ने बिना निर्माण कार्य कराए 4 लाख 17 हजार रुपये आहरण कर लिये। जहां शिकायत के बाद उक्त निर्माण कार्य के सम्बन्ध में उपमंत्री के प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत सीईओ ने वसूली की कार्यवाही के आदेश जारी किया गया था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही कि गयी। अब उक्त प्रकरण में पैसे का लेन देन कर लीपापोती कि जा रही है।

### शासकीय राशि का हुआ दुरुपयोग

शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2023-2024 में 15 वे वित्त से छेरिघट्वा नाला में चेक डेम के लिए 4 लाख 17 हजार रुपये, शिव मंदिर दुआरी में चबूतरा निर्माण के लिए 1.5 लाख रूपये निकाले वहीं दो वर्षों में कार्यालय व्यय के नाम पर करीब 7 लाख 32 हजार रुपये का आहरण कर बंदर बांट कर लिया गया है।

### जिम्मेदारों से साथ गांठ कर रूकवाई जांच

देवसर विकासखंड में शासकीय निर्माण कार्य ना केवल गुणवत्ता विहीन हो रहे हैं बल्कि उन निर्माण कार्यों के नाम से भी पैसे निकाले जा रहे हैं जो धरातल पर हुए ही नहीं। शिकायतकर्ता ने कहा कि सरपंच- सचिव अधिकारियों से साठ-गांठ करके मौके पर निर्माण कार्य कराए बगैर ही पंचायत के खाते से लाखों रुपये की राशि आहरण कर लेते है। कई कार्य अपूर्ण स्थिति में हैं। जिनका फर्जी मूल्यांकन जिम्मेदारों के द्वारा कर दिया गया है। मामले की जांच कराई जाए।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 145 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश



## बबलू सिंह को मिली ट्राइसाइकिल

**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 145 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में जनपद पंचायत सीधी के ग्राम मड़वा से आये बबलू सिंह ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि लकवा के कारण वह चलने में असक्षम है। उन्हें घर में या कहीं भी आने-जाने के लिए सहारे की आवश्यकता पड़ती है। वह अपना काम स्वयं नहीं कर पाते हैं। उन्होने कहा कि यदि उन्हें ट्राई साइकिल प्राप्त हो जाये तो वे अपना कार्य किसी के सहारे के बिना भी स्वयं कर सकेगे और कही भी आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले एक बार ट्राई सायकिल प्राप्त हुई थी लेकिन अब वह चलने लायक नहीं है। आवेदक की शारीरिक स्थिति को देखते हुए कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग द्वारा उन्हें सहायक उपकरण प्रदान कराए। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर बबलू सिंह खुश और संतुष्ट दिखे।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## प्रभारी मंत्री का दौरा कार्यक्रम जारी

**सीधी।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रभारी मंत्री जिला सीधी श्री दिलीप जायसवाल दिनांक 13.11.2024 को दोपहर 12.30 बजे सर्किट हाउस सीधी पहुंचेगे। प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल दोपहर 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में समस्त विभागों के योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात सायं 6 बजे सर्किट हाउस सीधी में जनप्रतिनिधि एवं जन सामान्य से भेंट करेंगे। रात्रि 7.30 बजे रोली मेमोरियल ट्रस्ट सभागार सीधी में अपाक्स अधिकारी कर्मचारी संगठन द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रभारी मंत्री बुधवार को सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल दिनांक 14.11.2024 को प्रात: 9 बजे बहरी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री 9.30 बजे बहरी तथा 10 बजे जियावन में स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात देवसर में श्री विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल के निवास पर सौजन्य भेट करेंगे। प्रात: 10.30 बजे देवसर से बैढ़न के लिये प्रस्थान करेंगे।

# दिसंबर माह में आयोजित होगा नेशनल अचीवमेंट सर्वे




## कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थी होंगे शामिल

## तैयारी हेतु प्राचार्यो की आयोजित हुई बैठक

सीधी

राष्ट्रीय परख सर्वेक्षण 2024 को ध्यान में रखते हुये जिला शिक्षा अधिकारी सीधी डॉ पी.एल. मिश्रा द्वारा समस्त प्राचार्यों और बी.आर.सी.सी. की बैठक गत दिवस शा.उ.मा.वि. क्र-2 सीधी में आयोजित की गई। बैठक में नेशनल अचीवमेंट सर्वे की पूर्व तैयारी हेतु शालाओं को उपलब्ध कराये गये मॉक टेस्ट के माड्यूल एक और दो पर किये गये कार्य विद्यार्थी को ओ.एम आर.शीट भरने हेतु प्राचार्यों का उन्मुखीकरण भी किया गया।

एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2021 में हुए नेशनल अचीवमेंट सर्वे में सीधी जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा। इस वर्ष भी जिले का स्तर सम्मानजनक हो इसके लिये छात्र उपस्थिति बढ़ाते हुये बार-बार अभ्यास कार्य एवं मांक टेस्ट करने हेतु प्राचार्यों को निर्देश दिये गये। बैठक में प्राचार्यों को स्कूल एनोवेशन मैराथन हेतु शिक्षकों का पंजियन एवं विद्यार्थियों की टीम बनाकर पोर्टल में इनोवेटिव आइडिया अपलोड करने के भी निर्देश दिये गये। 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम का लक्ष्य लेकर आगामी परीक्षा तक प्राचार्य मेहनत करें। नियमित रूप से रेमेडियल कक्षा और आवश्यकता पड़ने पर अवकाश दिनों में भी अतिरिक्त कक्षायें संचालित करें। विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास हेतु सभी शिक्षक समर्पण के साथ मेहनत करें। एक भारत श्रेष्ठ भारत, ओजस यूथ क्लब, कल्चरल ट्विंनिंग एवं जादू नही विज्ञान की गतिविधि नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करें।

बैठक में भोपाल से आये सतीश भाटी, डायट प्राचार्य एच केरकेट्टा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, सहायक आयुक्त डॉ डी.के. द्विवेदी, आदित्य पाण्डेय, रामकृष्ण तिवारी, समस्त बी.आर.सी.सी. उपस्थित रहे।

# चौपाल कोठार सरपंच पति के खिलाफ एवं शारदा पटेहरा में हुई हत्या को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया

**सीधी।** आज दिनांक 12 नवंबर को को दोपहर 12:00 से 4:00 तक कलेक्ट्रेट चौराहा विथिका भवन में किसानों मजदूरों नौजवानों बेरोजगारों की जन समस्या को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया जिसमें भूमिहीन को मालिकाना अधिकार दिया जाए आवारा पशु ऑन से किसानों को निजात दिलाया जाए गरीब मजदूरों बेसहारों को न्याय दिलाया जाए बढ़ती महंगाई पर रोक लगाया जाए जिला अस्पताल को निजीकरण से बचाया जाए शहर में फुटपाथ पर व्यापार करने वालों को परेशान ना किया जाए प्रत्येक बड़ो की जन समस्या जैसे नाली स्टेट लाइट जैसी समस्याओं को सुलझाया जाए सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन आंदोलन एवं ज्ञापन का कार्यक्रम किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गरीबों किसानों मजदूरों बेसहारों नौजवानों की



आवाज को बुलंद करने वाले एवं गरीबों के मसीह राम प्रताप सिंह यादव के नेतृत्व में किया गया कार्यक्रम में उपस्थित रहे समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव श्रवण कुमार विश्वकर्मा सपा शहर अध्यक्ष समर बहादुर यादव पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान यादव जिला प्रमुख महासचिव दिनेश सिंह जिला महासचिव राजेश साकेत पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीधी रण बहादुर सिंह चौहानौ राजकुमार मौर्य मौर्य बरी सरपंच पति भैयालाल सपा एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बैजनाथ यादव चित्रसेन यादव राजराखन मीडिया प्रभारी शाहिद सैकड़ो की तादाद में उपस्थित रहे सभी ग्रामवासी जो चौपाल कोठार के सभी ग्राम वासियों ने चौपाल कोठार पंचायत की जन समस्या एवं शारदा पटेरा में घटित हुई घटना जो विश्वकर्मा समाज की अत्यंत दुखदाई घटना दो महीने पूर्व घटित हुई थी जिसकी कार्यवाही आज तक संतोषजनक नहीं की गई कातिल खुलेआम घूम रहा है उसके द्वारा आए दिन परिवार को धमकियां दी जा रही है कि जान से मार दिए क्या कर लिए आगे भी क्या कर लोगे बेसहारा विश्वकर्मा परिवार के पांच बच्चियों समेत मन जिला प्रशासन से गुहार लगाकर मदद की अपील की एवं आए दिन चौपाल कोठार पंचायत में घट रही आपसी विवाद को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया गया एवं न्याय की अपील की गई।

# बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 वी में बेस्ट ऑफ फाइव समाप्त, सभी विषय में पास होना अनिवार्य

## शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शिक्षकों का आयोजित हुआ प्रशिक्षण

सीधी

जिले के शासकीय हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों का परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए शिक्षा विभाग अभी से तैयारी में जुट गया है। इस साल 10 वीं में बेस्ट ऑफ फाइव पॉलिसी को समाप्त कर दिया है। पहले 6 में से 5 विषय में पास होने पर उत्तीर्ण मान लिया जाता था लेकिन अब ऐसा नही होगा और सभी 6 विषय पास करने पर ही उत्तीर्ण माना जाएगा। विद्यार्थी इस पॉलिसी के कारण कमजोर विषय पर ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। विद्यार्थियों के कमजोर विषय के साथ शिक्षकों पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। समस्त विषय के



शिक्षकों को प्रतिमाह एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एपीसी डॉ सुजीत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 10 नवम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में कक्षा 9वीं एवं 10वीं पढ़ाने वाले हिन्दी विषय के 178, अंग्रेजी विषय के 159, संस्कृत विषय के 154, गणित विषय के 180, विज्ञान के 187, सामाजिक विज्ञान के 193, कुल 1066 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ट्रेनिंग में अध्यापकों को अध्यापन की नई-नई तकनीक बताई गई। इस प्रशिक्षण में पिछले माह पढ़ाए अध्याय एवं पढ़ाने में आई समस्याओं का निराकरण किया गया। नवम्बर माह में पढाए जाने वाले अध्याय में विशेष रूप कठिन कॉन्सेप्ट को चिन्हित कर उन्हें सरल रूप में गतिविधियों के रूप में कैसे प्रस्तुत किया जा सकता है, यह बताया गया। विद्यार्थियों को विषय अच्छी तरह से समझाने के लिए अध्यापन की विधियों का प्रयोग करना भी बताया गया ताकि स्टूडेंट्स के मन में कोई कन्फ्यूजन न रहे। 60 मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को टेबलेट का उपयोग करने, नेशनल अचीवमेंट सर्वे, स्कूल एनोवेशन मैराथन में पंजियन की भी जानकारी दी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.एन. त्रिपाठी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला, डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा द्वारा प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया।

# लोक कलाकारों में परसिली महोत्सव पर जताया आभार

## सीधी में मिले सम्मान को जीवन भर नहीं भूल पाउंगी: उर्मिला

**सीधी।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से उत्थान सामाजिक, सांस्कृति एवं साहित्यिक समिति सीधी के द्वारा तीन दिवसीय राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव का आयोजन परसिली रिसोर्ट मझौली में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। जिसमें बुंदेलखंड एवं बघेलखण्ड सहित देश के विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने सहभागिता निभाई थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए सभी कलाकारों ने राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव के आयोजन कर्ताओं एवं राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के प्रति



आभार व्यक्त किये और उक्त महोत्सव को ऐतिहासिक बताया। बुंदेलखंड की वरिष्ठ राष्ट्रीय लोक गायिका उर्मिला पाण्डेय ने कहा कि मैं 1977 से लेकर अब तक देश और विदेश में हजारों शासकीय एवं अशासकीय आयोजनों में जा चुकी हूं किन्तु सीधी के परसिली जो सम्मान और लोगों का स्नेह मिला है। वह मैं कभी नहीं भूल पाउंगी। मैं दहे दिल से अपनी प्यारी बेटी इतने कम उम्र में राष्ट्रीय स्तर पर बघेली लोकगीतों को पहुंचाने बाली और स्वयं की पहचान बनाने वाली मान्या पाण्डेय के प्रति आभार ज्ञापित करती हूं। जिन्होंने हमें अपने महोत्सव में शामिल होने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने ने कहा कि मैं काफी दिनों से मान्या को जानती हूं उसके साथ मैं संस्कृत मंत्रालय के कई कार्यक्रमों में शामिल हो चुकी हूं। मान्या पाण्डेय को मध्य प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लोग और लोक कलाकार जानते हैं। महोत्सव में शामिल शिवांजन भट्टाचार्य कलकत्ता परिश्रम बंगाल, कंकण भट्टाचार्य असम, प्रत्युष द्विवेदी, सुभाष राय बिहार, संजय राज पटना बिहार, वैष्णवी राय बलिया उत्तरप्रदेश, नवीन नीतेश पाण्डेय बनारसी उत्तर प्रदेश, कपिल तिवारी, नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर्णा मिश्रा सीधी एवं कर्णबीर सिंह तोमर, रावेन्द्र तिवारी, प्रकाश मिश्रा, कृष्ण जन्म द्विवेदी आदि ने राष्ट्रीय बाणभट्ट महोत्सव परसिली को आयोजित करने वाली उत्थान, सामाजिक, सांस्कृति एवं साहित्यिक समिति एवं राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के प्रति एतिहासिक कार्यक्रम की सफलता पर आभार व्यक्त किये है।

# भारत को जानों प्रतियोगिता क्विज राउंड के साथ हुई संपन्न

**सीधी।** भारत विकास परिषद् सीधी शाखा द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता के लिखित परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों का क्विज़ राउंड आयोजित कर प्रांतीय स्तर पर प्रतिभागिता के लिए मेधावी छात्रों का चयन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल जी के मुख्य आतिथ्य एवं श्री चंद्रमोहन गुप्ता जी वरिष्ठ अधिवक्ता के विशिष्ट आतिथ्य में, निर्णायक मेंबर्स के रूप में परिषद् परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में प्रथम चरण की लिखित परीक्षा में चयनित विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी छात्रों के बीच आधुनिक तकनीक के साथ क्विज़ राउंड आयोजित कर प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए मेधावी छात्रों का चयन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक उत्कर्ष गुप्ता जी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता मे कनिष्ठ वर्ग से अरुणोदय प्रताप सिंह, गणेश हाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सीधी एवं अभिनव पांडेय, एस.आई.टी. पब्लिक स्कूल, सीधी रही।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत कार्यक्रम 15 नवम्बर को अटल ऑडोटोरियम में

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने जानकारी देकर बताया है कि पीएमजनमन/धरती आबा जनजातीय उन्नति ग्राम अभियान अंतर्गत दिनांक 15.11.2024 को अटल आडिटोरियम हाल (एसजीएस कॉलेज) सीधी में प्रधानमंत्री जी का पीव्हीटीजी हितग्राहियों से सीधा लाईव प्रसारण किया जाना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा हितग्राहियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## जिले में 27 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित

**सीधी।** अपर कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर महाराजा खेतसिंह खंगार जी की जयन्ती पर दिनांक 27.12.2024 दिन शुक्रवार को जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

# मारपीट के दो अलग-अलग मामले में न्यायालय ने सुनाई सजा

**सीधी।** फरियादी संतोष गुप्ता ने दिनांक 12.05.2021 को इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज दिनांक को सुबह 08:00 बजे के लगभग जब वह उसके घर के बाहर बैठा हुआ था तभी पुराने विवाद को लेकर प्रदीप गुप्ता एवं बाकेलाल गुप्ता आये और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करने से मना करने पर उनके द्वारा उसके साथ मारपीट की तथा जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 301/21 अंतर्गत धारा 294, 323/34 एवं 506 भाग-2 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चा त् अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 363/2021 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्यारयिक मजिस्ट्रेपट प्रथम श्रेणी, सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 1. प्रदीप कुमार गुप्ता तनय बाकेलाल गुप्ता, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम कुबरी, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) 2. बाकेलाल गुप्ता तनय लखेश्वर प्रसाद गुप्ता, उम्र 61 वर्ष, निवासी ग्राम कुबरी, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा-323/34 के अपराध में दोनो अभियुक्तगण को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000-1000/- कुल राशि 2000/-(दो हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

इसीप्रकार मारपीट के एक अन्या मामले में बताया गया कि फरियादी फरियादी नारायण शुक्ला ने दिनांक 14.11.2022 को इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कराई कि आज दिनांक को शाम 04:30 बजे के लगभग जब वह बांकेलाल विश्वकर्मा के घर गया और कहा कि तुम अपने पुत्र को बांध कर रखों, इसी बात को लेकर बांकेलाल एवं उसके भाई मोतीलाल विश्वकर्मा ने उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करने से मना करने पर उनके द्वारा उसके साथ मारपीट की तथा जान से खत्म करने की धमकी दी। उक्त सूचना के आधार पर थाना बहरी, जिला सीधी में अपराध क्रमांक 591/22 अंतर्गत धारा 294, 323/34 एवं 506 भाग-2 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना पश्चाहत् अभियोग पत्र माननीय न्यायालय सीधी के समक्ष विचारण हेतु प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 1231/2022 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी सुश्री सीनू वर्मा द्वारा आरोपी को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्याहयिक मजिस्ट्रे ट प्रथम श्रेणी, सीधी की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 1. बांकेलाल विश्वकर्मा तनय गैवी विश्वकर्मा, उम्र 64 वर्ष निवासी गजरही, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) 2. मोतीलाल विश्वकर्मा तनय गैवी विश्वकर्मा, उम्र 66 वर्ष, निवासी गजरही, थाना बहरी, जिला सीधी, (म0प्र0) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा-323/34 के अपराध में दोनो अभियुक्तगण को न्यायालय उठने तक का कारावास एवं 1000-1000/- कुल राशि 2000/-(दो हजार रूपये) के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, म.प्र.शासन राजस्व विभाग जिला-सीधी (म.प्र.)

भू-अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की उपधारा-4 एवं 07

979 अधिसूचना दिनांक-21/10/24

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान होने से कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित ग्रामों की भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता होने से इन ग्रामों की धारा-19 का प्रकाशन दिनांक 28.04.2023 को किया जा चुका है। वर्तमान में यह तथ्य संज्ञान में आया है कि धारा-19 प्रकाशन के पश्चात अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है, संबंधित विभाग से अर्जित की जाने वाली भूमियों पर स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन प्रतिवेदन समय-सीमा में न प्राप्त होने एवं विधान सभा निर्वाचन 2023 एवं लोक सभा निर्वाचन 2024 में व्यस्तता होने के कारण समयसीमा में अंतिम एवार्ड पारित नहीं हो सका है। अतः समयावधि में धारा-23 अंतिम एवार्ड न हो पाने के कारण 01 वर्ष की वृध्दि किया जाना उचित प्रतीत होता है।

भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 की कंडिका (7) की उपधारा (1) के अधीन प्रारंभिक अधिसूचना की तारीख बारह मास के भीतर कोई घोषणा नहीं की जाती है, वहॉं उस अधिसूचना के बारे मे यह समझा जाएगा की वह विखंडित कर दी गई है तथा उक्त अधिनियम के अधीन एक वर्ष की वृध्दि की जाती है।

अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुर्नव्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के परन्तुक अंतर्गत इसके व्दारा यह घोषित किया जाता है सीधी जिले की तहसील बहरी में खड़बड़ा कुबरी व्हाया अमरपुर मार्ग में सोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली वर्णित भूमियों की समयावधि निम्नानुसार बढ़ाई जाती है।

| क्र. | उपखण्ड का नाम | तहसील का नाम | लोक निर्माण विभाग व्दारा प्रस्तुत ग्राम का नाम | धारा-19 के प्रकाशन का दिनांक | एक वर्ष पूर्ण होने का दिनांक | 01 वर्ष की समय वृध्दि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बहरी/सिहावल | सिहावल | खड़बड़ा | 16.06.2023 | 15.06.2024 | 16.06.2024 से एक वर्ष |

1. सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए भूमि की आवश्यकता है :-खड़बड़ा कुबरी व्हाया अमरपुर मार्ग में सोन नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण हेतु।
2. भूमि का (नक्शा प्लान) उपखण्ड अधिकारी बहरी/सिहावल से देखा जा सकता है।

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(स्वरोचिष सोमवंशी)
कलेक्टर एवं समुचित सरकार
जिला-सीधी (म.प्र.)

जी-18833/24

## संपादकीय

### शांति की पहल

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में डॉनल्ड ट्रंप की जीत ने जिस एक सवाल की ओर सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है, वह है यूक्रेन युद्ध पर अब उनके देश का क्या रुख होगा। इस सवाल की अहमियत का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि यूक्रेन के आसपास के देशों में अभी से इसे लेकर हलचल दिखने लगी है। पोलैंड के प्रधानमंत्री जल्द ही इस संबंध में फ्रांसीसी राष्ट्रपति और ब्रिटिश प्रधानमंत्री के साथ ही नैटो प्रमुख से विचार-विमर्श करने वाले हैं।इन संदेहों और आशंकाओं की जड़ में हैं ट्रंप के चुनाव से पहले दिए गए बयान, जिनमें न केवल 24 घंटे के अंदर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का वादा किया गया था बल्कि युद्ध में यूक्रेन को दी जा रही बाइडन सरकार की मदद पर भी सवाल उठाए गए थे। ऐसे में कुछ हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप यूक्रेन को मिल रही मदद पर रोक न भी लगाएं तो उसे कम करने का फैसला तो कर ही सकते हैं।हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से फोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रंप ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह रूस से जारी जंग में उनकी मदद करेंगे। लेकिन कूटनीतिक हलकों में इस आश्वासन को ज्यादा अहमियत इसलिए नहीं दी जा रही क्योंकि इसका असल में क्या मतलब है, यह स्पष्ट होना बाकी है। खुद जेलेंस्की ने भी ट्रंप से बातचीत के बाद कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि इस इंटरएक्शन के नतीजे प्रॉडक्टिव और पॉजिटिव हों। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाषण के दौरान ट्रंप को जीत की बधाई देते हुए उन्हें न केवल साहसी व्यक्ति बताया बल्कि यह भी कहा कि यूक्रेन युद्ध बंद करने में मदद की उनकी इच्छा गौर करने लायक है और वह ट्रंप से बातचीत के लिए तैयार हैं। ऐसे में स्वाभाविक ही जहां यूक्रेन पर अमेरिका की ओर से किसी नई पहल या नए कदम की संभावना देखी जा रही है, वहीं यूरोपीय हलकों में इस आशंका को एक वास्तविकता के रूप में लेने की भावना मजबूत हो रही है कि उसे अपनी सुरक्षा से जुड़े मसलों को खुद ही देखना होगा। इस मामले में अमेरिकी मदद को तय मानकर नहीं चला जा सकता। बहरहाल, इन तमाम चिंताओं के पीछे अभी ट्रंप के चुनावी बयानों से बनी धारणाएं ही हैं। पॉलिसी से जुड़े इन मसलों में दांव पर बहुत कुछ लगा है, इसलिए जल्दबाजी में किसी फैसले या बदलाव की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। देखना होगा कि प्रत्याशी ट्रंप के बयानों पर राष्ट्रपति ट्रंप का रुख कैसा होता है।

**उत्तर प्रदेश के उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं, और इस माहौल में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात के सियासी मायने गहरे होते जा रहे हैं। इस मुलाकात को लेकर चर्चा हो रही है कि सपा इस अवसर का इस्तेमाल मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने के लिए कर सकती है, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। उपचुनाव में मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए भारी पड़ सकता है, और ऐसे में आजम खान का परिवार सपा के लिए राजनीतिक समीकरण को साधने की एक अहम कड़ी बन सकता है।**

# अखिलेश यादव का आजम खान के परिवार से मिलकर मुस्लिम वोटों को जोड़ने की कोशिश

(अजय कुमार)

मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। अगर वोट बंटते हैं, तो इसका सीधा असर सपा की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम समुदाय की निर्णायक भूमिका है।

उत्तर प्रदेश के उपचुनाव के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के लिए राजनीतिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं, और इस माहौल में पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की रामपुर में आजम खान के परिवार से मुलाकात के सियासी मायने गहरे होते जा रहे हैं। इस मुलाकात को लेकर चर्चा हो रही है कि सपा इस अवसर का इस्तेमाल मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट करने के लिए कर सकती है, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। उपचुनाव में मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए भारी पड़ सकता है, और ऐसे में आजम खान का परिवार सपा के लिए राजनीतिक समीकरण को साधने की एक अहम कड़ी बन सकता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव 11 अक्टूबर को मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर चुनावी रैली करने के बाद सीधे रामपुर जाएंगे, जहां वे जौहर यूनिवर्सिटी के पास स्थित आजम खान के घर पर उनके परिवार से मिलेंगे। अखिलेश यादव आजम खान की पत्नी तजीन फात्मा, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम और परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात करेंगे। पिछले कुछ समय से, सपा ने आजम खान के मामले में कोई खास सार्वजनिक कदम नहीं उठाया था, लेकिन अब जब उपचुनाव की स्थिति विकट हो गई है, तो अखिलेश यादव आजम खान के परिवार से मिलकर मुस्लिम समुदाय के बीच अपनी सियासी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

आजम खान, जो सपा के कद्दावर मुस्लिम नेता माने जाते हैं, पिछले एक साल से सीतापुर जेल में बंद हैं। उनके बेटे अब्दुल्ला आजम भी जेल में हैं, और उनकी पत्नी तजीन फात्मा जमानत पर बाहर आई हैं। पिछले साल से सपा का कोई बड़ा नेता आजम खान या उनके परिवार से मिलने नहीं गया, लेकिन उपचुनाव के दरम्यान अखिलेश यादव ने यह कदम उठाया है, जो मुस्लिम वोटों के बंटवारे के खतरे को देखते हुए राजनीतिक मजबूरी भी बन गया है। इस मुलाकात को लेकर सियासी हलकों में यह भी चर्चा है कि अखिलेश यादव मुस्लिम वोट बैंक को एकजुट रखने के लिए यह प्रयास कर रहे हैं, जो सपा के लिए उपचुनाव में बेहद महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश में इस बार कुल नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, जिनमें से छह सीटें मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में हैं। इनमें से तीन सीटें पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हैं, जहां पर आजम खान का प्रभाव



रहा है। खासकर कुंदरकी सीट पर सपा के लिए चुनौती बड़ी है, क्योंकि यहां मुस्लिम मतदाता बड़ी संख्या में हैं और मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारने वाली कई अन्य पार्टियों ने सपा के सामने एक बड़ा सियासी संकट खड़ा कर दिया है। बसपा से लेकर एआईएमआईएम और चंद्रशेखर की पार्टी तक ने मुस्लिम उम्मीदवार उतारकर वोटों के विभाजन का खतरा पैदा कर दिया है।

मुस्लिम वोटों का बिखराव सपा के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकता है। अगर वोट बंटते हैं, तो इसका सीधा असर सपा की चुनावी संभावनाओं पर पड़ेगा, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम समुदाय की निर्णायक भूमिका है। कुंदरकी, सीसामऊ और मीरापुर जैसे क्षेत्रों में सपा ने मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किए हैं, और इन सीटों पर मुस्लिम वोटों के बिना जीतना लगभग असंभव है। पिछले चुनावों में मुस्लिम वोटों के सहारे सपा ने इन सीटों पर अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन इस बार समीकरण बदल गए हैं।

सपा के लिए यह उपचुनाव राजनीतिक सियासत में ध्रुवीकरण के बीच एक बड़ा अवसर भी बन गया है। मुस्लिम समुदाय की नाराजगी को देखते हुए अखिलेश यादव अब इस समुदाय को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने आजम खान के परिवार से मुलाकात करने का निर्णय लिया है, ताकि मुस्लिम वोटों को एकजुट किया जा सके और चुनाव में सपा की स्थिति मजबूत हो सके। खासतौर पर कुंदरकी और सीसामऊ जैसी सीटों पर, जहां मुस्लिम समुदाय की बड़ी संख्या है, सपा के लिए मुस्लिम वोटों का एकजुट होना बेहद जरूरी हो गया है।

इस संदर्भ में शौकत अली, एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष, का कहना है कि एक साल से आजम खान और उनके बेटे जेल में बंद हैं, लेकिन सपा ने न तो उनकी रिहाई के लिए कोई प्रयास किया और न ही आजम खान के समर्थन में कोई आंदोलन चलाया। उनका कहना था कि आजम खान को केवल मुस्लिम होने के कारण सजा दी जा रही है, और सपा ने इस मुद्दे पर चुप्पी साध ली है। यह आरोप भी लगाया गया है कि सपा की चुप्पी से मुस्लिम समुदाय के बीच एक असंतोष बढ़ा है, और यही कारण है कि अब अखिलेश यादव को आजम खान के परिवार से मिलकर मुस्लिम समुदाय को संदेश देना पड़ रहा है।

अखिलेश यादव का आजम खान के परिवार से मिलना एक राजनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। उनके लिए यह जरूरी हो गया था कि वे मुस्लिम समुदाय को यह संदेश दें कि सपा उनके हितों की रक्षा करने के लिए तैयार है। यह मुलाकात न केवल मुस्लिम वोटों को एकजुट करने की कोशिश है, बल्कि यह सपा की राजनीतिक छवि को भी फिर से मजबूत करने का प्रयास हो सकता है, जो उपचुनाव में उसकी सफलता के लिए अहम साबित हो सकता है।

लोकसभा चुनावों में सपा ने रामपुर से अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन उसके बाद से आजम खान के मामले में सपा की चुप्पी ने उन्हें आलोचनाओं का शिकार बनाया था। अब जब उपचुनाव की घड़ी आई है, तो अखिलेश यादव को यह समझ में आया है कि मुस्लिम समुदाय के भीतर उठ रहे सवालों का समाधान करना जरूरी है। अगर सपा आजम खान के परिवार को लेकर एक सकारात्मक संदेश देने में सफल होती है, तो इसका सीधा फायदा उसे मुस्लिम मतदाताओं के रूप में मिल सकता है।

हालांकि, अखिलेश यादव के लिए यह आसान नहीं होगा, क्योंकि मुस्लिम समुदाय की नाराजगी को दूर करना एक बड़ा चुनौती है। इसके बावजूद, सपा अपनी पूरी ताकत से इस चुनावी मुकाबले को जीतने के लिए प्रयासरत है। आजम खान के परिवार से मुलाकात कर, सपा इस उपचुनाव में अपने सियासी कदमों को और मजबूत कर सकती है, और मुस्लिम वोटों को अपने पक्ष में करने के लिए एक अहम रणनीतिक कदम उठा सकती है। यह देखना होगा कि क्या अखिलेश यादव इस बार अपनी पार्टी को सफलता दिलाने में कामयाब हो पाते हैं।

## आरक्षण पर घमासान! 'बटेंगे तो कटेंगे' बनाम 'चुनाव में कुटेंगे', स्थानीय मुद्दे तय करेंगे रुख?

(रवि सिन्हा)

झारखंड में पहले चरण के लिए चुनाव प्रचार का शोर सोमवार शाम को थम गया। इस चरण में कोल्हान, पलामू, उत्तरी छोटानागपुर और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की 43 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए और इंडिया गठबंधन की ओर से विभिन्न मुद्दों को एजेंडा और नैरेटिव सेट करने की कोशिश की गई। वहीं 'मंईयां सम्मान योजना' और 'गोगो दीदी योजना' समेत युवाओं को रोजगार, मुफ्त बिजली और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर का मुद्दा चुनाव प्रचार के दौरान छाया रहा। इन्हीं स्थानीय मुद्दों के चुनाव परिणाम में निर्णायक साबित होने की संभावना है।

पहले चरण के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और जेपी नड्डा ने बांग्लादेशी घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राज्य सरकार की विफलता को लेकर एजेंडा सेट करने की कोशिश की। एनडीए की ओर से लोजपा-आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कई चुनावी सभा को संबोधित किया। जबकि नीतीश कुमार की पार्टी की ओर संजय झा समेत कई अन्य नेताओं ने चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इसके अलावा बीजेपी के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ, शिवराज सिंह और कई केंद्रीय मंत्रियों ने चुनावी सभाएं की। वहीं असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा चुनाव के पहले से ही झारखंड में कैंप कर रहे हैं।

कांग्रेस-जेएमएम की ओर से संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर नैरेटिव सेट करने का प्रयास कांग्रेस की ओर से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण और संविधान के मुद्दे पर नैरेटिव सेट करने का प्रयास किया। राहुल गांधी ने अपनी सभाओं में संविधान की रक्षा के साथ एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में बढ़ोतरी का भरोसा दिलाया। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का भी मुख्य निशाना भी आरक्षण के अधिकार को बचाने पर ही रहा। इस चुनाव में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी कई सभाएं की। कांग्रेस और आरजेडी के कई अन्य नेताओं ने भी दर्जनों सभाएं की। लेकिन इंडिया गठबंधन की ओर से चुनाव प्रचार का पूरा जिम्मा जेएमएम के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने संभाल रखा था। इन दोनों ने जेएमएम के अलावा कांग्रेस, आरजेडी और माले प्रत्याशियों के पक्ष में भी कई चुनावी सभाएं की।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से झारखंड में चुनाव प्रचार के दौरान 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' और 'बटेंगे तो कटेंगे' का नारा देकर अपने मतदाताओं को एकजुट करने का प्रयास किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बोकारो और गुमला में चुनावी सभा में एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे का नारा देते हुए कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताने की कोशिश की गई। वहीं योगी आदित्यनाथ ने अपने अंदाज में बटेंगे तो कटेंगे का नारा देते हुए एक वर्ग के विशेष के मतदाताओं से एकजुट होने की अपील की।

# जम्मू कश्मीर में फिर 370 का राग क्यों अलापा जा रहा है?

(सुरेश हिंदुस्तानी)

वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद नई प्रदेश सरकार ने फिर से पुराने एजेंडे पर काम करना प्रारम्भ कर दिया है। इससे निश्चित ही यह संकेत मिलता है कि जिस धारा 370 और 35ए के कारण कश्मीर को शेष भारत से अलग दिखने जैसी स्थिति दिखती थी, वैसी ही स्थिति पैदा करने का प्रयास नई सरकार यानी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा किया जा रहा है। राज्य की नई सरकार का यह कदम पाकिस्तान के हौसले बढ़ाने वाला ही लगता है, क्योंकि पाकिस्तान धारा 370 के कारण ही कश्मीर को अपना बताने का कुचक्र रचता रहा है। धारा 370 के बहाने राज्य को मिले विशेष अधिकारों के चलते ही पाकिस्तान ने अपना नेटवर्क स्थापित किया था, जिसके कारण वहां के नागरिक भारतीय सेना के प्रति अलगाव का व्यवहार करते दिखाई दिए। उस समय पाकिस्तान परस्त आतंकी कश्मीर में युवाओं को भ्रमित करते रहते थे। अब उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार ने जम्मू कश्मीर में फिर से अलगाव के बीज रोपित करने का काम किया है। जिसमें कांग्रेस की भी भागीदारी है। हालांकि कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं है, बाहर से समर्थन दे रही है। जम्मू कश्मीर में जब धारा 370 कायम थी, तब राज्य ने क्या खोया था, यह पूरा देश जानता है। घाटी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी घटनाएं होती रहती थी। वर्तमान केंद्र सरकार ने धारा 370 हटाकर कश्मीर को शेष भारत से समरस करने का काम किया है। इसीलिए आज जम्मू कश्मीर आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगा पाने में बहुत हद तक सफल हुआ है।

वर्तमान में पूरे देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के स्वर मुखरित होने लगे हैं। समान नागरिक क़ानून निश्चित ही सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का हिमायती है, लेकिन दूसरी ओर जम्मू कश्मीर में अलग संविधान को मान्यता देने वाली धारा 370 को लाने का प्रयत्न किया जा रहा है। यह धारा जम्मू कश्मीर को अलग पहचान देने का काम करती है। इसके चलते कश्मीर का संविधान और ध्वज अलग हो जाएगा, जो भारत के संविधान और तिरंगा से अलग होगा। यह स्थिति डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान से अलग प्रकार की होगी। ऐसे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का वह बयान स्वतः ही ख़ारिज हो जाता है, जिसमें वह कहते हैं कि भाजपा संविधान फाड़कर फेंकना चाहती है। इसका एक आशय यह भी प्रादुर्भित होता है कि कांग्रेस संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस कौन से संविधान को बचाना चाहती है, यह और स्पष्ट करना चाहिए, क्योंकि बाबा साहब अम्बेडकर कभी भी जम्मू कश्मीर को अलग दरजा देने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने संविधान में इसको जोड़ने से इंकार कर दिया था। अम्बेडकर जी के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला, प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के पास पहुंचे, जिन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर की भावना को दफ़न करते हुए शेख अब्दुल्ला को प्रसन्न करते हुए धारा 370 का समावेश संविधान में करा दिया। आज कांग्रेस भले ही इस बात का दम्भ भरे कि वह संविधान को बचाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस के कार्य ऐसे लगते नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस की सरकार ने ही आपातकाल लगाकर भारत के नागरिकों के सारे अधिकार छीन लिए थे, जो बहुत बड़ा संविधान विरोधी कदम था। क्योंकि उस समय आपातकाल लगाने जैसी स्थिति नहीं थी। यह सारा खेल अपनी कुर्सी को बचाने के लिए किया गया था। आपातकाल संविधान की हत्या करने जैसा ही था।

पांच वर्ष पूर्व केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने वादे के मुताबिक जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 और 35ए को विलोपित कर दिया। उल्लेखनीय है कि भाजपा का यह कदम किसी भी प्रकार से किसी के विरोध में इसलिए नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा के हर घोषणा पत्र में इस धारा को हटाने की बात की। इन्हीं वादों को पूरा करने के लिए भाजपा को समर्थन मिला। ज़ब जनता ने भाजपा के वादों को पूरा करने के लिए समर्थन दिया, तब स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि भाजपा ने वही काम किया, जो जनता चाहती थी। अब जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान चलता है, राज्य का अपना कोई संविधान नहीं है। इतना ही नहीं जम्मू कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश है। इसलिए उसके संवैधानिक अधिकार सीमित हैं। इसलिए जम्मू कश्मीर की सरकार संविधान में बदलाव करने का कोई संवैधानिक हक नहीं रखती। यह केंद्र सरकार का काम है। राज्य कोई विधेयक पारित तो कर सकता है, लेकिन वह विधेयक तब तक लागू नहीं हो सकता, ज़ब तक केंद्र की सरकार न चाहे। इसलिए यह कहा जा सकता है कि राज्य की नवगठित सरकार का यह कदम केवल राजनीतिक लाभ के लिए है।

देश में कई विपक्षी राजनीतिक दलों ने एक साथ आकर इंडी गठबंधन बनाया है। यह गठबंधन बार बार संविधान बचाने की बात करता रहता है, लेकिन सवाल यह है कि जम्मू कश्मीर में धारा 370 को बहाल करने वाले विधेयक पर कोई भी बोलने को तैयार नहीं है। इसे मौन समर्थन भी माना जा सकता है। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की ऐसी कौन सी राजनीतिक मजबूरी है जो धारा 370 और 35ए की बहाली के लिए उनको मजबूर कर रही है। क्या इन दलों को यह पता नहीं है कि इन्हीं कानूनों के कारण ही कश्मीर हिन्दू विहीन हो गया है। क्या यह दल फिर से कश्मीर घाटी को उसी स्थिति में ले जाना चाहते हैं।

## वर्ग पहेली 5550

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| | ■ | 10 | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | 13 | | ■ | 14 | | ■ | |
| 15 | | ■ | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | 18 | | | | ■ | | ■ |
| 19 | | ■ | | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | | | ■ | 23 | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था है, इसका मुख्यालय यहां स्थित है (3)
4. यह संविधान निर्माण करने वाला प्रथम देश है (4)
8. वैश्वांतर दानव की चार पुत्रियों में से एक इनके पुत्रों को कालकेय और पौलोम दानव कहते है (3)
9. शक्तिशाली, ताकतवर (4)
10. पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम-कथा का नायक (2)
11. महलोक से दो करोड़ योजन दूर यह पांचवा लोक स्थित है, जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति (2)
12. भोजन आदि के लिए दिया गया निमंत्रण, न्योता (3)
14. मटमैले रंग की प्रसिद्ध धातु (2)
15. बल्लेबाजों का मापदंड जो क्रिकेट के लिए तय होता है (2)
16. फिल्म इंडस्ट्री में राजेश खन्ना इस नाम से भी जाने गए, पिता के भाई (2)
17. आदान करना, मद्यपान करना (4)
18. स्पर्श करना, छुने वाला, स्पर्शक (4)
19. दक्ष प्रजापति की पुत्री (2)
20. ऐ खुदा, हे प्रभु (3)
22. पाटलीपुत्र का प्राचीन नाम (3)
23. प्रेमकर्ता, झूमने का भाव (2)

**ऊपर से नीचे**
1. दुकान वाला, विक्रेता (5)
2. सिलवट, सकुडन, शक्ति (2)
3. जिस शब्द के अंत ई हो (4)
4. इस समय, इस वक्त (2)
5. एकता (2)
6. रस्म, प्रथा, रीति (3)
7. किसी बात आदि को ध्यान से न सुनना (5)
13. औषधि पादप, पेड़, पौधे आदि (4)
14. इंडोनेशिया की राजधानी (3)
16. विमान में चालक की बैठने की जगह यह कहलाती है (4)
17. उधार देने वाला, ऋणद (4)
19. प्राचीनकाल की एक सवारी जिसे घोड़े खींचते थे (2)
21. तीन घंटे का समय, एक पहर (2)

### वर्ग पहेली 5549 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | नी | ता | वि | लि | य | म्स | ■ |
| न | म | न | ■ | या | ■ | ■ | स |
| व | ■ | से | व | क | ■ | रो | जा |
| ना | गि | न | ■ | त | म | क | ना |
| ■ | र | ■ | पौ | ■ | त | ड़ | ■ |
| र | फ्ता | र | ■ | ल | ■ | ब | स |
| वा | र | ■ | ■ | ग | वा | ही | ■ |
| ना | ■ | ■ | स | न | म | ■ | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज दिन शुभ है और आपकी तरक्की के योग हैं। आपके धन में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य प्राप्त होगा। संतान पक्ष से आशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम के वक्त कोई रुका काम बनने की संभावना है। रात का समय परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा।

**वृष**
आज करियर में लाभ का दिन है और आपकी तरक्की होने से मन में खुशी होगी। ऑफिस में सहयोगी आपसे कुछ आगे निकलने का प्रयास करेंगे। आप भी धीरे-धीरे सफलता की ओर कदम बढ़ाएंगे और आपकी तरक्की होगी। आप कोई नया कार्य शुरू करने के बारे में सोच सकते हैं।

**मिथुन**
आज दिन सामान्य है। आपको बौद्धिक तथा व्यवसायिक क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। संतान पक्ष की ओर से हर्ष दायक समाचार से मनोबल बढ़ेगा। भाग्योदय का दिन है, सचेत रहें और अपने काम पर फोकस करें। आपके धन में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होने से खुशी होगी।

**कर्क**
आज लाभ होगा और शुभ कार्यों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। आप द्वारा लिया गया निर्णय लाभ देगा और आपकी तरक्की होगी। आपके विवाह में आ रही अड़चनें समाप्त होंगी और लोगों के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे। आप प्रफुल्लित रहेंगे। कोई व्यक्ति आपके लिए समस्या पैदा कर सकता है।

**सिंह**
आज लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी और योजनाएं सफल होंगी। विरोधियों का षड़यंत्र असफल रहेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों पर शुभ व्यय होने से मन में हर्ष होगा। बहुत समय से चली आ रही कटुता आपसी समझौते से समाप्त हो जाएगी। नया परिचय आपके लिए लाभ देने वाला हो सकता है।

**कन्या**
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा और आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आपके सामने ढेर सारी जिम्मेदारियां खड़ी रहेंगी। आपका पूरा दिन किसी प्रकार की सुव्यवस्था करने में बीतेगा। सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने की आपकी विशेषता से आपको लाभ होगा और आपको यश की प्राप्ति होगी।

**तुला**
आज लाभ होगा और करियर में तरक्की के योग हैं। आपको अत्यधिक श्रम करने पर भी आय कम और व्यय अधिक होगा। गुप्त शत्रु सक्रिय रहेंगे, व्यर्थ की भागदौड़ भी आपको काफी करनी पड़ सकती है। पारिवारिक अशांति विशेष रूप से रहेगी। सूर्यास्त होने पर आपको कुछ राहत मिल जाएगी और आपकी तरक्की होगी।

**वृश्चिक**
आज दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा। कोई महत्वपूर्ण व्यवसायिक अनुबंध आपके पक्ष में फाइनल हो सकता है। आप अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने में कामयाब हो जाए तो आने वाले दिनों में आपसे वरिष्ठ व्यक्ति भी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके कार्य सफल होंगे और आनंद में वृद्धि होगी। आपके धन में वृद्धि होगी।

**धनु**
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपके राज्य कार्यों में सफलता मिलेगी और धन धान्य में वृद्धि होगी। मित्रों से आपको धन लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी। निरोगता और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी और आपकी रुकी हुई योजनाएं फिर से आरंभ हो सकती हैं। शुभव्यय और मंगल कार्य में आपका समय व्यतीत होगा।

**मकर**
आज दिन भाग्य में वृद्धि से भरा होगा और आपकी तरक्की होगी। आपके धन में वृद्धि होगी और अच्छे लोगों का साथ मिलने से आपको प्रसन्नता होगी। उच्चाधिकारियों की कृपा से भूमि-जायदाद से जुड़ी हर समस्या दूर हो जाएगी। सभी प्रकार के विवादों का समाधान भी हो जाएगा। शाम के वक?त आपकी सेहत प्रभावित हो सकती है।

**कुंभ**
आज करियर में लाभ होगा और आपको कारोबार में कई गुना मुनाफा हासिल होगा। आपके लिए दिन कर्म फल की सिद्धिकारक है। कहीं से कमा कमाया धन मिलने के योग हैं। किसी वृद्ध महिला का आशीर्वाद मिलने से उन्नति होगी और आपको शुभ अवसर प्राप्त होंगे। भाई बन्धुओं से मतभेद और क्रोध का अंत होगा और आपका दिन सुख समृद्धि से भरा होगा।

**मीन**
आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है और आपकी योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। आज पूरे दिन आय के नये स्रोत सामने आएंगे। आपका दिन खुशहाली में बीतेगा और विरोधी पक्ष के लोग भी पराजित होंगे। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। व्यवसाय में अधिक धन लगाने से लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपिंदर हुड्डा की जगह चंद्रमोहन को बनवा रहे थे नेता विपक्ष, कांग्रेस ने प्रवक्ता को किया बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीवी चैनलों की डिबेट में हरियाणा के नेता विपक्ष की जिम्मेदारी भूपिंदर सिंह हुड्डा के अलावा अन्य नेताओं को मिलने की बात कहने वाले बालमुकुंद शर्मा पर कांग्रेस ने ऐक्शन लिया है। कांग्रेस ने उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी का कहना है कि वह प्रवक्ता नहीं हैं, जबकि खुद को इसी के तौर पर वह टीवी डिबेट्स में पेश कर रहे थे। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने शर्मा को निष्कासित करने का पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि वह कोई पार्टी के प्रवक्ता नहीं हैं। वह मीडिया वाद-विवाद में जाकर पार्टी के सिद्धांतों के खिलाफ बयानबाजी कर रहे थे। इसलिए उन्हें निष्कासित किया जा रहा है। हरियाणा कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश कॉंग्रेस के मुख्य मीडिया संयोजक केवल ढींगरा हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के एक महीने बाद भी विधायक दल का नेता चुनने के मामले में उलझी कांग्रेस की परेशानियां उस समय बढ़ गईं, जब बालमुकुंद शर्मा ने निजी टीवी समाचार चैनलों की डिबेट में कहना शुरू किया कि चंद्रमोहन अथवा अशोक अरोड़ा कांग्रेस विधायक दल के नेता बनाए जा सकते हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजे अनपेक्षित आने के बाद पार्टी आलाकमान कथित रूप से पूर्व नेता प्रतिपक्ष भूपिंदर सिंह हुड्डा समेत प्रदेश नेतृत्व से खफा है, लेकिन चुने हुए 37 विधायकों में से 30 से अधिक विधायक हुड्डा के पाले में ही हैं। पार्टी की दिक्कत यह है कि भूपिंदर सिंह हुड्डा के खिलाफ एक खेमा है और हाईकमान भी बहुत खुश नही है। लेकिन स्टेट यूनिट काफी हद तक हुड्डा के नाम पर एकमत नजर आ रही है। यदि हुड्डा को फिर से कमान मिली तो उस पर दलित लीडर की उपेक्षा का आरोप फिर से लग सकता है। कुमारी सैलजा की उपेक्षा के आरोपों को ही भाजपा ने चुनाव के दौरान लगाया था और माना जा रहा कि इसका फायदा उसे मिला। बड़ी संख्या में दलित वोट उसकी ओर गया और वह जीत गई। ऐसे में कांग्रेस हाईकमान के आगे पसोपेश की स्थिति है। वहीं हाईकमान का मूड न देखकर हुड्डा ने भी नरम रुख दिया है। अब हरियाणा कांग्रेस विधायक दल ने प्रस्ताव पारित कर यह फैसला हाईकमान पर छोड़ा है।



### राज ठाकरे की भविष्यवाणी- भाजपा की सरकार होगी, मुख्यमंत्री फडणवीस होंगे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में क्या होगा? यह फिलहाल यक्ष प्रश्न है, लेकिन अजित पवार की पार्टी से लेकर राज ठाकरे तक का कहना है कि जो भी होगा, बेहद दिलचस्प स्थिति बनेगी। राज ठाकरे का कहना है कि कोई भी नहीं सकता कि चुनाव नतीजा क्या रहेगा। यदि आप महाराष्ट्र में घूमेंगे तो स्थिति पता चलेगी। इस साल बहुत सारी चौंकाने वाली चीजें होंगी। आप 10 दिन रुक जाएं, सब सामने ही आ जाएगा। हालांकि इस बीच राज ठाकरे ने उम्मीद जताई कि भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार का गठन होगा और देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि इसमें मेरा कोई हित नहीं है, लेकिन ऐसा संकेत मिल रहा है। राज ठाकरे से पूछा गया कि कभी आप खुद के लिए सत्ता मांगते हैं तो कभी दावा करते हैं कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनने वाला है? आखिर सत्ता का आपका समीकरण क्या है? इस पर राज ठाकरे ने कहा कि इस बार कुछ भी साफ तौर पर नहीं कहा जा सकता। लेकिन इतना तय है कि हम किंगमेकर की भूमिका में होंगे। राज ठाकरे ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा और वह हमारे समर्थन से होगा। यह मेरे दिमाग की उपज है। मैं तो लगातार कह रहा हूं कि भाजपा की सरकार बनेगी। राज ठाकरे कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो साफ है कि महायुति की सत्ता होगी। मेरा अनुमान है कि नई सरकार में देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि महायुति में तीन दल हैं। उनके सीनियर नेता तय करेंगे कि कौन मुख्यमंत्री होगा। पर इतना तो तय है कि हमारे बिना कोई सरकार नहीं बनेगी। मनसे चीफ ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस काबिल लीडर हैं।



### महाराष्ट्र की 50 फीसदी से ज्यादा सीटों पर एक भी मुस्लिम नहीं

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या काफी कम नजर आ रही है। आंकड़े बता रहे हैं कि राज्य की 288 में से आधी से ज्यादा सीटें ऐसी हैं, जहां एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। वहीं, बड़े दलों में कांग्रेस ने 9 मुसलमान उम्मीदवारों को टिकट दिया है। भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक भी प्रत्याशी समुदाय से नहीं है। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, 150 से ज्यादा विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं, जहां एक भी मुस्लिम उम्मीदवार नहीं है। वहीं, करीब 50 सीटों पर सिर्फ एक मुस्लिम कैंडिडेट है। राज्य में कुल 4 हजार 136 उम्मीदवार विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में हैं, जिनमें सिर्फ 420 मुस्लिम प्रत्याशी हैं। खास बात है कि इनमें आधे से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। किस पार्टी ने कितने मुसलमानों को दिया टिकट महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 9 मुस्लिम कैंडिडेट को टिकट दिया है। जबकि, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 5 को टिकट दिया है।

# पंजाब उपचुनाव में पुराने साथी के भरोसे भाजपा? अकाली दल के गुणगान में जुटे नेता

**जालंधर, एजेंसी।** शिरोमणि अकाली दल ने पंजाब में चार सीटों पर लड़े जा रहे उपचुनाव से दूरी बना रखी है। इसके बावजूद यह पार्टी चर्चा में बनी हुई है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार अपने पुराने सहयोगी के नाम का सहारा लेते दिखाई दे रहे हैं। यह सभी शिरोमणि अकाली दल और प्रकाश सिंह बादल का गुणगान कर रहे हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का कहना है कि भाजपा और शिरोमणि अकाली दल आपस में मिले हुए हैं। बीते गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने शिरोमणि अकाली दल को लेकर एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। इसमें उन्होंने प्रदेश की राजनीति में इस पार्टी की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने लिखा था कि मैं हमारे सर्वोच्च धार्मिक निकाय, श्री अकाल तख्त साहिब से आदरपूर्वक अपील करता हूं कि वे सुनिश्चित करें कि दोषी व्यक्ति अपनी गलतियों को पहचानें और उचित रूप से फटकार लगाई जाए। हालांकि, पंथिक पार्टी की रक्षा करना भी जरूरी है।

बता दें कि 30 अगस्त को अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को सिख धार्मिक आचार संहिता का दोषी घोषित किया था। यह फैसला 2012 और 2017 के बीच उनकी गलतियों पर लिया गया था। इसके चलते सुखबीर सिंह बादल पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लग गई और उनकी



पार्टी को भी उपचुनावों से दूरी बनानी पड़ी। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक बरनाला से भाजपा उम्मीदवार केवल ढिल्लों ने कहाकि किसी न किसी को अकाली दल से खाली हुई जगह भरनी होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के वोटरों से अपील की कि वह उन्हें 2007 से 2017 के कांग्रेस विधायक के रूप में किए गए काम के आधार पर वोट करें। उस वक्त प्रकाश सिंह बादल पंजाब के मुख्यमंत्री थे। इससे पहले, बीते हफ्ते ढिल्लों ने प्रकाश सिंह बादल की तारीफ वाला एक वीडियो भी पोस्ट किया था।

बाद में ढिल्लों ने कहाकि आज राजनीति का गिरता स्तर देखकर उन्हें प्रकाश सिंह बादल की याद आ रही है। हालांकि भाजपा से एकमात्र ढिल्लों ही नहीं हैं जो शिरोमणि अकाली दल के इस बड़े नेता की तारीफ कर रहे हैं। गिदरबाहा में सुखबीर सिंह बादल के भतीजे और भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बादल ने भी एक पुराना वीडियो पोस्ट किया। इसमें सीनियर बादल अपने भतीजे की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वह कह रहे हैं कि मनप्रीत गिदरबाहा को बहुत ज्यादा प्यार करता है। वह यहां के लोगों के लिए आसमान से तारे भी तोड़ लाएगा। ढिल्लों और मनप्रीत अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार पूर्व मुख्यमंत्री का जिक्र करते रहते हैं।

बता दें कि ढिल्लों, मनप्रीत और जाखड़ के अलावा छब्बेबाला और डेरा बाबा नानक से भाजपा उम्मीदवार रवि करण कहलों और सोहम सिंह ठंडल भी शिरोमणि अकाली दल से नेता रह चुके हैं। ऐसे में अब यह सभी अपने पुराने दल और पुराने नेता के नाम और काम को भुनाने की तैयारी में हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी का कहना है कि भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच अंदरखाने खिचड़ी पक रही है। आप प्रवक्ता नील गर्ग ने कहाकि अकाल तख्त ने केवल सुखबीर के चुनाव में भाग लेने पर रोक लगाई थी। लेकिन दूसरे नेता चुनाव लड़ सकते थे। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि किसान कानूनों पर एसएडी भाजपा से गठबंधन तोड़ने पर मजबूर हुई थी। लेकिन अंदरूनी तौर पर यह लोग अभी भी साथ ही हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ उम्मीदवार नहीं उतारे। चंडीगढ़ में उनके पार्षद ने भाजपा के मेयर उम्मीदवार को वोट दिया और उन्होंने उपचुनाव से दूरी बना ली है।

### रेवंत रेड्डी ने मुसलमानों से कहा- क्षेत्रीय दलों को वोट देंगे तो मजबूत होगी भाजपा

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मुस्लिमों से कांग्रेस पार्टी को वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों के क्षेत्रीय दलों को वोट देने से भाजपा को मजबूती मिलेगी। रेवंत ने दावा किया, संविधान और आरक्षण को भाजपा से खतरा है। दोनों की रक्षा के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत आवश्यक है। यह कांग्रेस के सत्ता में रहने या नहीं रहने का मामला नहीं है। कांग्रेस ने गत 70 साल में कई सालों तक शासन किया है, लेकिन यह समय अहम है। संविधान और आरक्षण खतरे में है। इन दोनों की रक्षा के लिए महाराष्ट्र में कांग्रेस की सरकार बननी ही चाहिए।' रेवंत रेड्डी ने मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य को 2 गुटों 'मोदी परिवार' और 'गांधी परिवार' के बीच चुनाव करार दिया। उन्होंने मतदाताओं से 'मोदी परिवार' या 'गांधी परिवार' में से किसी एक को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी दी कि 'मोदी परिवार' का समर्थन करने से कांग्रेस का दिया गया 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण समाप्त हो जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस न केवल मुस्लिम आरक्षण की रक्षा करेगी, बल्कि नौकरियां भी पैदा करेगी और मुसलमानों को सरकार में भागीदार बनाएगी।

### भारत में सड़क हादसों का बढ़ता कहर; 10 साल में लगभग 15.3 लाख लोग मारे गए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क दुर्घटना से जुड़ी मौतों पर ताजा आंकड़े चौंकाने वाले हैं। पिछले दशक यानी 2014 से 2023 तक के बीच सड़क हादसों में लगभग 15.3 लाख लोग मारे गए हैं। यह आंकड़ा केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की आबादी से भी ज्यादा है। केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करने के लिए कई बार प्रतिबद्धता दोहराई है और ऐसी मौतों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने भी हस्तक्षेप किया है। हालांकि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं में हर 10,000 किलोमीटर पर 250 लोगों की जिंदगी छीन गई। अमेरिका, चीन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की बात करे तो ये आंकड़े 57, 119 और 11 हैं। इससे यह स्पष्ट है कि ये आंकड़े बेहद खतरनाक हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पिछले दशक (2004-13) में सड़क दुर्घटनाओं में 12.1 लाख लोगों की जान चली गई थी। इस दौरान देश में पंजीकृत गाड़ियों की संख्या 2012 में 15.9 करोड़ से दोगुनी होकर 2024 में लगभग 38.3 करोड़ हो गई है और सड़कों की लंबाई 2012 में 48.6 लाख किलोमीटर से बढ़कर 2019 में 63.3 लाख किलोमीटर हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों ने कहा कि सड़कों की लंबाई और गाड़ियों को संख्या में बढ़ोतरी हर साल अधिक लोगों की मौत का कारण नहीं हो सकती। टाइम्स ऑफ इंडिया ने एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि एक भी हत्या के लिए अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा जाता है लेकिन घातक सड़क दुर्घटनाओं के मामले में भी ऐसी कार्रवाई नहीं की जाती है। दिल्ली पुलिस के एक पूर्व अधिकारी ने कहा, सड़क दुर्घटनाएं सभी एजेंसियों की प्राथमिकता नहीं हैं। शीर्ष अधिकारी शायद ही कभी जूनियर से स्पष्टीकरण मांगते हैं, भले ही एक दर्जन लोगों की मौत हो जाए। तेलंगाना में सड़क सुरक्षा प्राधिकरण के अध्यक्ष और मौजूदा सांसद टी कृष्ण प्रसाद ने कहा कि हत्याओं को महत्व दिया जाता है।



### मेरठ-गाजियाबाद से भी ज्यादा देहरादून की आबोहवा में जहर

**देहरादून, एजेंसी।** देहरादून की आबोहवा अब ज्यादा प्रदूषित होने लगी है। चिंताजनक बात यह है कि यहां के प्रदूषण का स्तर गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जैसे शहरों से भी अधिक होने लगा है। सोमवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, देहरादून भारत के उन 258 शहरों की सूची में नौवें स्थान पर है, जहां वायु प्रदूषण सबसे ज्यादा है। बारिश का अभाव, हवाओं का कमजोर रुख और दूसरे प्रदेशों से आ रहा पराली के धुएं को इसकी वजह बताया गया है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, देहरादून में सोमवार को एक्यूआई 287 और ऋषिकेश में एक्यूआई 208 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है और लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जबकि, गाजियाबाद में एक्यूआई 252, जयपुर में 237, मेरठ में 211 और मुजफ्फरनगर में 240 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा जैसी जगह भी एक्यूआई 285 रहा, जो देहरादून के मुकाबले कम है। देहरादून विवि के पर्यावरण विभाग के प्रोफेसर विजय श्रीधर ने बताया कि विगत दिनों कई जगह कूड़ा जलाया गया। गर्म हवा ऊपर नहीं जा पा रही और प्रदूषण के कण नीचे ही बने हैं। हवा की गति भी कम है। इससे प्रदूषण बढ़ रहा है। एसडीसी फाउंडेशन के संस्थापक अनूप नौटियाल बोले, जलवायु परिवर्तन, बढ़ते वाहनों के धुएं, खुदी सड़कें और निर्माण कार्यों की धूल के साथ कम बारिश से प्रदूषण बढ़ा है।

# महाराष्ट्र में इस बार सबसे रोचक लड़ाई बारामती सीट पर, अजित पवार की प्रतिष्ठा दांव पर

**बारामती, एजेंसी।** महाराष्ट्र में इस बार विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प हो गए हैं। कई सीटों पर रिश्तेदार आमने-सामने हैं। इसमें भी सबसे रोचक लड़ाई बारामती सीट पर है, जहां डिप्टी सीएम अजित पवार का मुकाबला अपने भतीजे युगेंद्र से है। छह बार के विधायक और पिछले चुनाव में 1 लाख 69 हजार वोटों से जीते अजित के लिए यह चुनाव काफी आसाना होना चाहिए था। लेकिन युगेंद्र पवार के सामने आ जाने से बारामती में फाइट बिल्कुल टाइट है और अजित पवार के लिए करो या मरो के हालात बन गए हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में अजित यहां मुंह की खा चुके हैं। तब उन्होंने सुप्रिया सुले के खिलाफ अपनी पत्नी को मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

**दांव पर बहुत कुछ :** अजित पवार के लिए इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर लगा हुआ है। पहले ही झटके खा चुके अजित अगर यहां हार जाते हैं उनकी सियासत ढलान की तरफ जाने लगेगी। इसकी झलक लोकसभा चुनाव में भी दिख चुकी है, जहां सुप्रिया सुले ने अजीत पवार की विधानसभा में भी अच्छी-खासी बढ़त बनाई थी। लोकसभा चुनाव में पत्नी की हार से अजित काफी दुखी थे। उन्होंने फैसला कर लिया था कि अब वह बारामती से कभी चुनाव नहीं लड़ेंगे, क्योंकि लोगों ने उनका काम पसंद नहीं किया। इसके बाद अजित के छोटे बेटे जय पवार को युगेंद्र के सामने उतारने की योजना बनी थी। लेकिन पार्टी द्वारा हुए दो सर्वे में इस बात के संकेत मिले थे



कि जय पवार के सामने युगेंद्र बड़ी आसानी से जीत जाएंगे।

**बदली है रणनीति :** इस चुनाव में अजित पवार ने अपनी रणनीति भी बदली है। अब वह लोगों के बीच अधिक मुस्कुराते हैं। इतना ही नहीं, अजित ने अपना पहनावा भी बदला है। अब अजित पवार गुलाबी कपड़े पहनने पर अधिक जोर दे रहे हैं। हालांकि इसके बावजूद उनके लिए यह चुनाव आसान नहीं होने जा रहा है। वैसे तो अजित पवार की फैन फॉलोविंग बारामती में काफी है, लेकिन यह शहरी क्षेत्र में ज्यादा है। बारामती शहर के तमाम युवा और व्यवसायी अजित को ही वोट देने की बात कहते हैं। वहीं, तमाम लोगों का यह भी मानना है कि अजित पवार ने बारामती के लिए बहुत कुछ किया है।

**युगेंद्र पर शरद पवार का वरदहस्त :** दूसरी तरफ युगेंद्र के पक्ष में सबसे बड़ी बात उनके ऊपर शरद पवार का वरदहस्त होना है। इसके चलते लोग युगेंद्र को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं। शरद पवार ने भी यह स्पष्ट संकेत दिया है कि यह चुनाव युगेंद्र बनाम अजित पवार नहीं, बल्कि शरद पवार बनाम अजित पवार है। युगेंद्र के नामांकन के दिन भी यह स्पष्ट नजर आया था। शरद पवार नामांकन के वक्त युगेंद्र के साथ मौजूद थे। जबकि लोकसभा चुनाव में जब उनकी बेटी सुप्रिया नामांकन करने गई थीं तब शरद पवार नहीं थे। यह बात स्पष्ट है कि इस चुनाव में परिणाम शहरी वोटर बनाम ग्रामीण वोटर से तय होगा। वोटरों को लुभाने के लिए अजित का परिवार भी मैदान में हैं। जहां पत्नी सुनेत्रा गांव के लोगों से बात कर रही हैं, वहीं बेटा जय भी मैदान में पूरी तरह से सक्रिय है। इसके अलावा अजित खुद बारामती के 59 गांवों की यात्रा पर निकले हुए हैं। अजित पवार लोगों से यह भी कह रहे हैं कि लोकसभा में ताई यानी सुले को जिताया तो अब विधानसभा में दादा यानी मुझे जिताएं।

# चुनाव अधिकारियों ने बैग खुलवाया तो भड़के उद्धव ठाकरे, कहा- मोदी-शाह की भी ऐसे करेंगे जांच?

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने सोमवार को दावा किया कि 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने के वास्ते जब वह यवतमाल पहुंचे तो सरकारी अधिकारियों ने उनके बैग की जांच की। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि क्या निर्वाचन अधिकारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ नेताओं के सामान की भी जांच करेंगे? ठाकरे ने यवतमाल के वानी में शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार संजय डेरकर के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए इस कथित घटना की जानकारी दी। शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष ने कहा कि जब वह हेलीकॉप्टर से वानी पहुंचे तो कई सरकारी अधिकारियों ने उनके बैग की जांच की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं से कहा कि वे उन अधिकारियों की जेब और पहचान पत्रों की भी जांच करें जो उनकी जांच करते हैं।

ठाकरे ने कहा कि वह चुनाव अधिकारियों से नाराज नहीं हैं। हालांकि, उन्होंने कहा, 'आप अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं और मैं अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा।'



शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष ने सवाल किया, 'जिस तरह से आपने मेरे बैग की जांच की, क्या इसी तरह से मोदी और शाह के बैग की जांच करेंगे?' उन्होंने जानना चाहा कि क्या मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार तथा देवेंद्र फडणवीस के बैग की जांच नहीं की जानी चाहिए? ठाकरे ने कहा, 'ये सब अनावश्यक कार्य हो रहे हैं, मैं इसे लोकतांत्रिक नहीं मानता, यह लोकतंत्र नहीं हो सकता। लोकतंत्र में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता।'

उन्होंने कहा कि अगर निर्वाचन अधिकारी उनके (सत्तारूढ़ गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के) बैग की जांच नहीं करते, तो शिवसेना (यूबीटी) और विपक्षी एमवीए के कार्यकर्ता उनकी जांच करेंगे। ठाकरे ने कहा कि पुलिस और निर्वाचन आयोग को तब हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए, क्योंकि मतदाताओं को भी अधिकार है कि जब वे (सत्तारूढ़ दलों के वरिष्ठ नेता) प्रचार के लिए आएं तो उनके बैग की जांच की जाए।

इस बीच, शिवसेना (यूबीटी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने आधिकारिक हैंडल से एक वीडियो साझा किया जिसमें ठाकरे के बैग की जांच होती दिखती है। वीडियो में ठाकरे को अधिकारियों से पूछते हुए सुना जा सकता है कि क्या उन्होंने किसी अन्य नेता के बैग की जांच की है। ठाकरे को उनसे पूछते सुना जा सकता है कि क्या उन्होंने मुख्यमंत्री शिंदे, फडणवीस, अजित पवार, प्रधानमंत्री मोदी और शाह के बैग की जांच की। जब अधिकारियों में से एक ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख को बताया कि इन नेताओं ने अभी तक इस क्षेत्र का दौरा नहीं किया है, तो उन्होंने उनसे प्रधानमंत्री मोदी और शाह के बैग की जांच करने तथा उन्हें वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने को कहा।

# वक्फ बिल पर जेपीसी को कैंसल करना पड़ा तीन शहरों का दौरा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वक्फ विधेयक को लेकर जब से संयुक्त संसदीय समिति बनाई गई है, लगभग हर बैठक में सरकार और विपक्ष के सदस्यों के बीच बवाल होता ही रहा है। अब विपक्षी सांसदों ने जेपीसी के स्टडी टूर का बहिष्कार कर दिया। इसके बाद लोकसभा सचिवालय ने कोलकाता, पटना और लखनऊ की यात्रा को 12 नवंबर से बढ़ाकर 14 नवंबर कर दिया। इससे पहले गुवाहाटी और भुवनेश्वर में हुई बैठकों का विपक्षी सांसदों ने बहिष्कार कर दिया था। इन बैठकों में 31 में से केवल पांच सदस्य ही उपस्थित थे। सारे ही सदस्य बीजेपी के थे। ऐसे में जेपीसी की इन बैठकों का उद्देश्य ही पूरा नहीं हो पाया। इसीलिए लोकसभा सचिवालय ने आगे की यात्राओं की तारीख बदलने का फैसला किया।


पैनल के विपक्षी सदस्यों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की थी और कहा था कि 9 से 14 नवंबर के दौरान कई सांसद अपने लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर हैं इसलिए इन दिनों यात्रा ना रखी जाए। शनिवार को सांसदों ने बिड़ला को पत्र लिखकर कहा कि विपक्षी सांसदों की आपत्ति के बाद भी जेपीसी के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने पुराना ही शेड्यूल लागू कर दिया। टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने सोमवार को कहा, कई राज्यों में चुनाव हो रहे हैं और ऐसे में इस टूर



को पोस्टपोन करने की बात कही गई थी। ज्यादातर बैठकें दिल्ली में ही होती हैं। लेकिन चुनाव के दौरान बहुत सारे सांसद दिल्ली से बाहर हैं। ऐसे में मीटिंग का उद्देश्य नहीं पूरा हो पाता है। देर से ही सही लेकिन यात्रा को टालने का फैसला किया गया है जो कि स्वागत योग्य है। डीएमके के ए राजा और कांग्रेस के मोहम्मद जावेद ने भी स्पीकर को पत्र लिखा था। वहीं जगदंबिका पाल का कहना है कि स्टडी टूर कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं है और फॉर्मैलिटी पूरी करने के लिए बाध्य नहीं है।

# हिंदू-मुस्लिम वाले वॉट्सऐप ग्रुप मामले में बड़ा ऐक्शन, आईएएस अधिकारियों पर गिरी गाज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विवादित व्हाट्सऐप ग्रुप मामले में दो आईएएस अधिकारियों पर गाज गिरी है। आईएएस के. गोपालकृष्णन और एन. प्रशांत को निलंबित कर दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि गोपालकृष्णन को सरकारी अधिकारियों का धर्म आधारित 'वॉट्सऐप ग्रुप' बनाने के लिए निलंबित किया गया, जबकि प्रशांत के खिलाफ सोशल मीडिया पर एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी की आलोचना करने के लिए कार्रवाई की गई।मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के दोनों अधिकारियों को निलंबित करने का आदेश दिया। के गोपालकृष्णन उद्योग निदेशक और एन प्रशांत विशेष सचिव (कृषि) के पद पर थे। जानकारी के मुताबिक गोपालकृष्णन ने ही %मल्लू हिंदू अधिकारी% नाम का वॉट्सऐप ग्रुप बनाया था। इसके अलावा उन्होंने पुलिस से कहा था कि उनके फोन के हैक कर लिया गया और यह ग्रुप उन्होंने नहीं बनाया है। इसके एन प्रशांत पर अडिशनल चीफ सेक्रेटरी ए जयतिलक को सोशल मीडिया पर टारगेट करने और कई अधिकारियों को करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप है। चीफ सेक्रेटरी ने उनके बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी थी। आरोप है कि गोपालकृष्णन ने मल्लू हिंदू ऑफिसर और मल्लू मुस्लिम ऑफिसर नाम के वॉट्सऐप ग्रुप बनाए थे। पुलिस को



गोपालकृष्णन के दावे सही नहीं मिले। उनपर गलत शिकायत दर्ज करवाने और सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का भी आरोप है। केरल पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के जिस फोन से बने व्हाट्सऐप अकाउंट का इस्तेमाल धार्मिक समूह बनाने के लिए किया गया था उसे पूरी तरह से रीसेट कर दिया गया, जिसकी वजह से फोरेंसिक जांच में भी यह पता नहीं चल पाया कि उसे हैक किया गया था, जैसा अधिकारी ने दावा किया था। पुलिस के हवाले से आई कई खबरों में दावा किया गया था कि आईएएस अधिकारी का फोन हैक नहीं हुआ था, लेकिन तिरुवनंतपुरम शहर के पुलिस आयुक्त स्पर्जन कुमार ने कहा कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि उपकरण से छेड़छाड़ की गई थी या नहीं, क्योंकि इसे 'रीसेट' किया गया है। कुमार ने यह भी कहा कि उन्होंने इस मामले की रिपोर्ट राज्य के पुलिस विवादास्पद वॉट्सऐप ग्रुपख शेख दरवेश साहेब को दे दी है। डीजीपी कार्यालय ने कहा कि रिपोर्ट गोपनीय है और इसे राज्य सरकार को भेज दिया जाएगा। पुलिस ने आईएएस अधिकारी की शिकायत के बाद मामले की जांच की। इसमें आरोप लगाया गया था कि उनके व्यक्तिगत वॉट्सऐप नंबर को हैक कर लिया गया है और उसका इस्तेमाल एक धार्मिक समूह बनाने के लिए किया गया। व्हाट्सऐप ग्रु में विभिन्न समुदायों के अधिकारियों को जोड़ा गया था।

सार समाचार

## बुमराह की अनूठी चुनौती का सामना करने के लिये तैयार मैकस्वीनी



**एडीलेड, एजेंसी।** भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के जरिये टेस्ट पदार्पण करने जा रहे ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने कहा कि वह स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से मिलने वाली अनूठी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

मैकस्वीनी को शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट और हाल ही में भारत के खिलाफ 'ए श्रृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह मिली। साउथ आस्ट्रेलिया के 25 वर्ष के मैकस्वीनी 22 नवंबर से शुरू हो रहे पर्थ टेस्ट में उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करेंगे। मैकस्वीनी ने कहा, 'बुमराह का एक्शन अनूठा है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक है। उसके एक्शन की कॉपी कर पाना मुश्किल है।

मुझे उसका सामना करने का इंतजार है। भारत ए पर 2-0 से जीत में ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तानी करने वाले मैकस्वीनी ने कहा कि वह बुमराह और मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी के वीडियो देखकर मानसिक तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैने उनकी गेंदबाजी के क्लिप देखे हैं और मैं मानसिक रूप से उसका सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। एक नए गेंदबाज का सामना करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता है और सिर्फ एक्शन देखकर उसकी तैयारी नहीं की जा सकती। मैकस्वीनी ने कहा, 'पिछले एक महीने से मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं और मेरी तैयारी पक्की है। उम्मीद है कि मैं इस लय को कायम रख सकूंगा। अभी मुझे बहुत कुछ सीखना है और टेस्ट क्रिकेट की चुनौतियों के बारे में सीखने के लिए मैं उत्सुक हूं।

## चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाया तो यह बहुत बढ़िया होगा : मोहम्मद नबी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के बाद अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा कि वह आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना चाहते हैं, जो अगले साल पाकिस्तान में होने वाली है। 39 वर्षीय नबी ने सोमवार को शारजाह में बांग्लादेश पर 2-1 से सीरीज की जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई क्योंकि उन्होंने सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज के आठवें वनडे शतक की बदौलत पांच विकेट से जीत दर्ज की।

इस साल की शुरुआत में आयरलैंड और दक्षिण अफ्रीका पर सफलता के बाद यह अफगानिस्तान की लगातार तीसरी सीरीज जीत थी और हाल ही में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद यह टीम दुनिया की सबसे रोमांचक व्हाइट-बॉल टीमों में से एक बन गई है। नबी को पता है कि वह अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन प्रतिभाशाली ऑलराउंडर अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी को आईसीसी ट्रॉफी जीतने के अपने अंतिम अवसर के रूप में देख रहे हैं।

आईसीसी द्वारा नबी के हवाले से कहा गया, पिछले (50 ओवर) विश्व कप से मेरे दिमाग में संन्यास लेने का विचार आया था, लेकिन अगर मैं एक चैंपियंस ट्रॉफी खेल पाया तो यह मेरे लिए बहुत अच्छा होगा। युवाओं के लिए मेरी तरफ से छोटा-मोटा योगदान और उनके प्रति मेरी समझ अधिक उपयोगी होगी।

एशियाई महिला चैंपियन ट्रॉफी:

# जीत के साथ भारत का आगाज मलेशिया को 4-0 से हराया




**राजगीर/पटना, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सोमवार को बिहार के ऐतिहासिक शहर राजगीर में मलेशिया के खिलाफ 4-0 की जीत के साथ महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सफर का आगाज किया।

संगीता कुमारी (8, 55), प्रीति दुबे (43) और उदिता (44) ने गोल किए। वहीं, भारत ने कई मौके बनाए और मजबूत डिफेंसिव प्रदर्शन करते हुए तीन अंक हासिल किए। भारत ने खेल की शुरुआत धीमी की और मलेशिया के नूर मोहम्मद को गोल करने का पहला मौका मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता ने शानदार बचाव किया। इसके बाद मलेशिया को जल्द ही पेनाल्टी कॉर्नर भी मिला।

लेकिन, वह इसका लाभ उठाने में भी सफल नहीं हुए। मलेशिया के खिलाफ खेले गए टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में टीम इंडिया के लिए कुमारी संगीता ने 8वें मिनट पर पहला गोल दागकर मैच में धमाकेदार शुरुआत की। इसके बाद हाफटाइम तक टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। हाफटाइम खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी प्रीति दुबे ने 43वें मिनट पर दूसरा गोल दाग टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके ठीक एक मिनट बाद उदिता ने टीम के लिए तीसरा गोल किया। मलेशियाई टीम ने काफी कोशिश की, लेकिन भारतीय डिफेंस को भेद पाने में सफल नहीं हुए।

वहीं, टीम इंडिया की ओर से संगीता कुमारी ने चौथा और आखिरी गोल 55वें मिनट पर किया। इसी के साथ भारत ने मुकाबले में 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले में भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने मैच में मलेशियाई टीम को एक भी गोल नहीं करने दिया।

मलेशिया के खिलाफ जीत के बाद कोच हरेंद्र सिंह ने टीम की तारीफ करते हुए कहा, मैं अपनी टीम को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने चार गोल से मैच जीता और क्लीन शीट रखी। लीग मैचों में बिना गोल खाए जीतना महत्वपूर्ण होता है, इससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ता है। हमें हर मैच पर ध्यान केंद्रित करना है ताकि कोई गलती न हो। चाइना एक मजबूत टीम है, लेकिन हम तैयार हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने मलेशिया के खिलाफ मैच के बाद अपनी टीम के प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हमने शुरुआत में उतना अच्छा नहीं खेला, खासकर पहले और दूसरे क्वार्टर में। लेकिन, तीसरे और चौथे क्वार्टर में हमने बेहतरीन खेल दिखाया। हमारी टीम ने अटैकिंग हॉकी खेली और इसे हम अगले मैचों में भी बनाए रखेंगे।

मैच के बाद मलेशिया की टीम की कप्तान दीन जूलियानी ने कहा कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने भारतीय टीम की तारीफ करते हुए कहा कि भारत एक बहुत मजबूत टीम है, उनके पास अनुभवी खिलाड़ी हैं और वे ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। हम गर्व महसूस कर रहे हैं कि हमने उनके खिलाफ अच्छा खेल दिखाया।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने किया शानदार प्रदर्शन

चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता



**चेन्नई, एजेंसी।** अरविंद ने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता, जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला, जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई।

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने बहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने।

मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेऑफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला। अरविंद ने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता, जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला, जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई।

अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं, जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेऑफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा। आरोनियन ने अर्जुन को ड्रॉ पर रोककर फाइनल में अरविद के खिलाफ जगह बनाई। अरविंद ने पहला मुकाबला जीता और दूसरा ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। चैलेंजर वर्ग में प्रणव को ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने ड्रॉ के साथ चैलेंजर खिताब जीता।

## इस 17 वर्षीय अनकैप्ड खिलाड़ी पर सीएसके की नजर, गायकवाड़ के साथ करेगा ओपनिंग

### धोनी भी हुए प्रभावित



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल) चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्सआईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में 17 वर्षीय बल्लेबाज को शामिल कर सकती है। सीएसके ने कथित तौर पर नीलामी से पहले मुंबई के 17 वर्षीय सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को चयन ट्रायल के लिए आमंत्रित किया है।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत और छ्स्थ के दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी म्हात्रे से प्रभावित हैं। रणजी ट्रॉफी का पांचवां दौर 16 नवंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए सीएसके को म्हात्रे के ट्रायल के लिए आने पर उनका मूल्यांकन करने के लिए आठ दिन का समय दिया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार म्हात्रे ने न केवल टैलेंट स्काउट्स का ध्यान आकर्षित किया, बल्कि एमएस धोनी का भी ध्यान आकर्षित किया। परिणामस्वरूप म्हात्रे को रणजी ट्रॉफी 2024 सीजन के पांचवें दौर (16 नवंबर को) के अंत के बाद और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी की शुरुआत से पहले CSK द्वारा ट्रायल के लिए आमंत्रित किया गया है। दोनों के बीच छह दिन का अंतर है।

इससे 24 और 25 नवंबर को होने वाली मेगा नीलामी से पहले म्हात्रे का मूल्यांकन करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा। म्हात्रे ने शेष भारत के खिलाफ ईरानी कप खेल में मुंबई के लिए अपना प्रथम श्रेणी पदार्पण किया। पृथ्वी शॉं के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करते हुए म्हात्रे ने दो पारियों में क्रमशः 19 और 14 रन बनाए। मुंबई के लिए म्हात्रे के अब तक के आंकड़े अच्छे हैं लेकिन बहुत खास नहीं हैं। उन्होंने पांच मैचों में 35.66 की औसत से 321 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनका शतक (176 रन) महाराष्ट्र के खिलाफ था।

## एटीपी फाइनल्स एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रुबलेव पर शानदार जीत के साथ की अभियान की शुरुआत



**ट्यूरिन, एजेंसी।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने शानदार जीत के साथ तीसरी एटीपी फाइनल ट्रॉफी के लिए अपनी खोज शुरू की। दूसरे वरीय ज्वेरेव ने एंड्री रुबलेव को 6-4, 6-4 से हराकर सीजन के फाइनल में अपना खाता खोला। 2018 और 2021 में खिताब जीतने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने रुबलेव की तेज शुरुआत का मजबूती के साथ सामना किया और केवल 72 मिनट में 2024 की अपनी टूर-लीडिंग 67वीं जीत हासिल की। एटीपी हेड-टू-हेड श्रृंखला में 7-3 से बेहतर प्रदर्शन करने के बाद, जर्मन खिलाड़ी कैस्पर रूड के खिलाफ अपनी हैट्रिक की दौड़ जारी रखेगा, जिसने इससे पहले जॉन न्यूकॉम्ब ग्रुप में तीसरे वरीय कार्लोस अल्कराज को हराया था। एटीपी ने ज्वेरेव के हवाले से कहा, मुझे लगा कि यह मेरी तरफ से बहुत ही ठोस मैच था। यहां किसी के भी खिलाफ, आपको मौका पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। मैंने ऐसा ही किया, मुझे लगा कि मैंने अपने मौकों का काफी अच्छे से इस्तेमाल किया और मैं इस जीत से निश्चित रूप से खुश हूं। एटीपी स्टैट्स के अनुसार, रुबलेव ने अपनी सर्विस पर पहले 13 अंक हासिल करते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

## मोहम्मद शमी की टीम में वापसी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद से भारतीय फैंस मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी का जादू नहीं देख पाए हैं. लेकिन अब बस ये इंतजार खत्म होने वाला है क्योंकि शमी मैदान पर वापसी करने वाले हैं. मोहम्मद शमी को बंगाल की



रणजी टीम में जगह मिली है और वो मध्य प्रदेश के खिलाफ अगला मुकाबला खेलेंगे. बंगाल और मध्य प्रदेश का रणजी ट्रॉफी मुकाबला 13 नवंबर को होल्कर स्टेडियम में होगा, जहां शमी की रफ्तार और सीम-स्विंग का जलवा देखने को मिलेगा. वो रिकवरी के दौरान भी चोटिल हुए लेकिन अब ये खिलाड़ी पूरी तरह फिट है.

### शमी खेलेंगे बॉर्डर-गावस्कर सीरीज?

शमी चोट की वजह से बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए टीम इंडिया में जगह नहीं बना पाए क्योंकि वो सेलेक्शन से पहले फिर अनफिट हो गए थे. लेकिन ऑस्ट्रेलिया दौरा बहुत लंबा है और मुमकिन है कि शमी को टीम इंडिया बुलाए. अगर शमी रणजी ट्रॉफी में कमाल प्रदर्शन कर देते हैं तो कौन जानता है कि शमी को ऑस्ट्रेलिया से बुलावा आ जाए. शमी का बाहर होना टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका है और इस खिलाड़ी की टीम को बहुत दरकार भी है.

## ऑस्ट्रेलियाई मीडिया पर चढ़ा भारत का बुखार, हिंदी- पंजाबी में भी टेस्ट सीरीज की कवरेज





**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच की टेस्ट सीरीज को कहते हैं राख की लड़ाई. लेकिन, जो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होती चली आ रही है, वो अब बन गई है 'युगों की लड़ाई'. 22 नवंबर से शुरू होने जा रही 5 टेस्ट की सीरीज को ये नाम ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने दिया है. अब तक ये तो कहा जाता था कि भारत-ऑस्ट्रेलिया की टक्कर का क्रेज किसी भी मामले में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत से कम नहीं. लेकिन, उसका नामकरण शायद पहली बार हुआ है. युगों की इस लड़ाई को सेलिब्रेट करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के अखबार भारतीय रंग में भी रंग चुके हैं.

### हिंदी और पंजाबी में भी ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की कवरेज

न्यूज कोर्प ऑस्ट्रेलिया ने 5 टेस्ट की सीरीज को सेलिब्रेट करने के इरादे से खास तौर पर एक 8 पन्नों का एडिशन निकालने का फैसला किया. 12 नवंबर को ये एडिशन अंग्रेजी के अलावा हिंदी और पंजाबी भी निकाली गई. 8 पन्नों के एडिशन में भारतीय क्रिकेट के बड़े नामों के अलावा उभरते सितारों के बारे में लिखा गया.

इसके जरिए ऑस्ट्रेलियाई मीडिया का मकसद वहां मौजूद भारतीय फैंस का ध्यान आकर्षित करना है. सिडनी में ऐसी कवरेज द डेली टेलीग्राफ ने की है. मेलबर्न में हेराल्ड सन ने. ब्रिसबेन में द कुरियर मेल ने इसे छापा है तो एडिलेड में द एडवर्टाइजर ने. इसके बाद 17 नवंबर को 16 पन्नों का एक लॉन्च गाइड भी जारी होगा, जिसके कंटेंट भी हिंदी और पंजाबी में होंगे. उसमें खिलाड़ियों के बारे में और विस्तार से किस्से और कहानियां लिखी होंगी.

### भारत डिफेंडिंग चैंपियन, क्या ऑस्ट्रेलिया करेगा पलटवार?

टीम इंडिया फिलहाल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की डिफेंडिंग चैंपियन है. ऑस्ट्रेलिया की कोशिश इस बार लगातार चले आ रहे भारत के वर्चस्व को खत्म करने की होगी. ऑस्ट्रेलिया ने 2015 के बाद से ही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है.

इसके अलावा कई और दिलचस्प सवालों के जवाब भी इस सीरीज में मिलते दिखेंगे. जैसे क्या कोहली इस दौरे को यादगार बना सकेंगे? कमिंस और बुमराह में बेहतर कौन? अश्विन और लायन में कौन किस पर पड़ेगा बीस?

### भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज- युगों की लड़ाई

ऑस्ट्रेलियाई अखबारों में विराट कोहली की फोटो को फ्रंट पेज पर छापते हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट सीरीज को युगों की लड़ाई बताया है. अखबार की इस कवरेज से साफ पता चल रहा है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत का रोमांच अब किसी मामले में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट सीरीज से कम नहीं रही.

## रहमानुल्लाह गुरबाज ने ठोकी 9वीं इंटरनेशनल सेंचुरी, महमूदुल्लाह की पारी पर पानी फिरा




## अफगानिस्तान ने जीती लगातार तीसरी वनडे सीरीज

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। उसने शारजाह के शारजाह क्रिकेट स्टेडियम पर 11 नवंबर 2024 को खेले गए सीरीज के आखिरी एकदिवसीय अंतरराष्टीय मैच में बांग्लादेश को 5 विकेट से हराया। अफगानिस्तान की यह लगातार तीसरी वनडे सीरीज है, जिसमें उसने जीत हासिल की है।

इससे पहले उसने सितंबर 2024 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे की सीरीज 2-1 और मार्च 2024 में आयरलैंड के खिलाफ 2 वनडे की सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। अफगानिस्तान की उड़ान शानदार रही। शारजाह के मैदान पर 244 रन का पीछा करना आसान नहीं था, क्योंकि पहले दो मैच ऐसे ही रहे, लेकिन 11 नवंबर की रात पिच बेहतर थी और उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी भी की। रहमानुल्लाह गुरबाज ने पिछले दोनों एकदिवसीय मुकाबलों की विफलताओं को भुलाते हुए शानदार 100 रन बनाए। यह उनका 8वां वनडे शतक और ओवरऑल 9वीं इंटरनेशनल सेंचुरी (एक टी20 इंटरनेशनल में शतक) है।

रहमानुल्लाह गुरबाज पहली गेंद से ही लय में दिखे। उन्हें अजमतुल्लाह के रूप में एक अच्छा साथी भी मिला। दोनों की चौथे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी ने अफगानिस्तान को जीत की ओर अग्रसर किया और मोहम्मद नबी ने आकर टीम को जीत दिलाई। जब गुबदीन नायब आउट हुए, तो चीजें मुश्किल लग रही थीं, लेकिन मोहम्मद नबी के अनुभव ने अजमतुल्लाह को तसल्ली दी। दोनों दोनों ने मिलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलाई।

**नाहिद राणा का डेब्यू मैच में शानदार प्रदर्शन:** तीसरे वनडे में बांग्लादेश की कमान मेहदी हसन मिराज के हाथों में थी। मैच के दौरान मेहदी की अनुभवहीनता झलकी। बांग्लादेश के स्पिनर्स ने खराब गेंदबाजी की और विपक्षी टीम के बल्लेबाजों पर लगातार दबाव नहीं बना पाए और न ही विकेट ले पाए।

## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है पाकिस्तान, भारत के इस फैसले के बाद बड़ा कदम उठाने की तैयारी में पीसीबी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक रिपोर्ट के अनुसार अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से भारत के इनकार से पाकिस्तान सरकार की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आ सकती है, जो अपने क्रिकेट बोर्ड से टूर्नामेंट से हटने के लिए कह सकती है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी) ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ( पीसीबी) को पत्र लिखकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ( बीसीसीआई) के इस निर्णय के बारे में सूचित किया है कि भारतीय टीम 19 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2017 के बाद आईसीसी कैलेंडर में वापसी कर रही है, को हाइब्रिड मॉडल में बदला जा सकता है जिसमें भारत अपने सभी मैच किसी दूसरे स्थान पर खेलेगा, संभवतः संयुक्त अरब अमीरात में जबकि टूर्नामेंट का बाकी हिस्सा पाकिस्तान द्वारा आयोजित किया जाएगा।

# जन शिक्षा केन्द्र कल्दा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**पन्ना।** राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार सत्र 2024-2025 के लिए जन शिक्षा केंद्र कल्दा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस बार विज्ञान के अलावा गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण के विषय पर आधारित माडल ड्राइंग को भी प्रदर्शनी में सम्मिलित किया गया। जन शिक्षा केंद्र संकुल स्तर पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल कल्दा में विज्ञान सामाजिक विज्ञान, गणित पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

जिसमें संकुल अंतर्गत सभी माध्यमिक शाला हायर सेकेंड्री हाई स्कूल के प्रतिभागीयां ने भाग लिया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मां वीणा वादनी की पूजा अर्चना के बाद किया गया। अलग-अलग विषयों के लिए कमेटी गठित की गई कमेटी ने सभी प्रतिभागियों को मॉडलों का निरीक्षण किया एवं चयन के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए प्रतिभागियों के माडलों को अंक प्रदान किये। विज्ञान विषय से सत्येंद्र यादव माध्यमिक शाला भीतरी मुटमुरु, गणित विषय से सत्यम सिंह माध्यमिक शाला सकतरा, सामाजिक विज्ञान से भूपेंद्र सिंह माध्यमिक शाला महुआ ढोल, अनन्या शुक्ला माध्यमिक शाला कल्दा पर्यावरण, हायर सेकेंड्री कल्दा से तमन्ना अहिरवार विकासखंड स्तर के लिए चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मनित किया गया। सभी चयनित प्रतिभागियों को उपास्थितजनों ने शुभ कामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य मनोहर सिंह, प्रधानाध्यापक सीताराम प्रजापति, साक्षरता समन्यवक शचेंद्र भान पांडेय, सीएसी बिहारी सिंह, राजाराम सिंह राधाचरण अवधिया सहित संकुल अन्तर्गत विद्यालयों के प्रधानाध्यापक गाइड शिक्षक अभिभावकगण हायर सेकेंड्री के सभी अतिथि शिक्षक, शिक्षिकाएं गण छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं।

# कलेक्टर ने जनभागिदारी समिति से निर्मित दुकानो का किया निरीक्षण



**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने गत दिवस शाहनगर विकासखंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होनें अधूरी पड़ी जनभागीदारी समिति से डेढ़ करोड़ की लागत से निर्मित दुकानों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागो को अधिकारीयों से जानकारी ली, ज्ञात हो कि वर्ष 2012 में जनभागीदारी समिति के माध्यम से दुकानों का निर्माण कराया गया है। लेकिन उक्त दुकानों आज भी अधूरी पड़ी है। बताया जाता है कि लगभग आधा सैकड़ा दुकानें जनभागिदारी समिति के माध्यम से निर्मित कराई जा रहीं थी एवं उक्त दुकानों के लिए अनेक लोगो द्वारा राशि भी जमा की गई थी। लेकिन दुकानें आज दिनांक तक तैयार करकें संबंधित लोगो को नहीं दी गई। आखिर इतनी लापरवाही क्यो की जा रहीं है तथा शासन का नुकसान भी हुआ है। स्थानीय लोगो ने बताया कि अनेको बार क्षेत्रीय अधिकारीयों तथा जनप्रतिनिधियों को भी उक्त मामले मे अवगत कराया है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है। अब देखना है कलेक्टर के संज्ञान में मामला आने पर कब दुकानें बनकर तैयार होगीं तथा जिन लोगो की राशि जमा है उन्हे उक्त दुकानें कब तक आवंटित की जायेगी।

# ग्राम विकास योजना से होगी सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति



**पन्ना।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन एवं जनअभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम विकास योजना को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला समन्वयक जन अभीयान परिषद आनन्द पाण्डेय के मागदर्शन में छात्रो को ग्राम विकास योजना निमार्ण की बारीकी वताकर उन्हे योजना बनाने कें बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई तथा ग्राम पंचायत को सहयोग करने की वात कही। समर्थन संस्था के चेयरपरसन प्रोफेसर अभिताभ कुडू एवं समर्थन टीम के सदस्यो ने प्रशिक्षण का आयोजन किया था। इस दौरान ब्लाक समन्यक छमा खरे, नावंकुर प्रमुख भरत मिश्रा, शेख अंजाम, परामर्शदाता, पंकज वाजपेयी, किशन कुशवाहा नें भी प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान समर्थन संस्था से प्रशिक्षक के रूप में ज्ञानेन्द्र तिवारी, प्रदीप पिड़िहा, कमलचन्द्र सेन एवं लखनलाल शार्मा उपस्थिति रहे। प्रशिक्षण के दौरान थिमेंटिक विषय पर कार्ययोजना बनाने के संबंध मे भी विस्तार से बताया गया। जिसमें गरीबी मुक्त ग्राम पंचायत, स्वास्थ्य ग्राम, बाल हितैषी ग्राम, महिला हितैषी, अधोसरचना, जल से परिपूर्ण ग्राम, शुसाशन, एवं सामाजिक सुरक्षा से युक्त ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने पर प्रशिक्षण दिया गया।

## पेट्रोल पंप संचालक सुरेन्द्र मदान का दुखद निधन



**पन्ना।** पन्ना नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी डायमंड पेट्रोल पंप के संचालक सुरेन्द्र मदान का विगत दिवस ह्दयघात के चलते दुखद निधन हो गया है। श्री मदान लगभग 80 वर्ष से अधिक उम्र के थें। वह बहुत पुराने पेट्रोल पंप संचालक है, श्री मदान के निधन पर नगर के जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों ने गहन दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को दुख सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रदान करने की कामना की है।

# आदिवासी युवकों के साथ अवैध रूप से शराब बेच रहे दबंगों ने की मारपीट

## थाना प्रभारी ने नहीं लिखी रिपोर्ट

**पन्ना।** जिले भर में अवैध रूप से शराब का कारोबार चरमसीमा पर चल रहा है, पुलिस तथा आबकारी विभाग द्वारा ठेकेदारों को खुला संरक्षण है, इसी का नतीजा है कि गांव गांव मे अवैध रूप से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है, तथा युवा पिढ़ी बर्बाद हो रहीं है एवं लगातार अपराध बढ़ रहें है। ठेकेदारो से पुलिस तथा आबकारी विभाग का कमीशन तय होने के चलते संबंधित अवैध शराब बेचने वालो पर कार्यवाही नहीं की जा रही है।

शराब को लेकर जिले के रैपुरा थाना अन्तर्गत ग्राम बघबार खुर्द में अवैध शराब विक्रय करने वालों में तीन लोगो के साथ जमकर मारपीट की गई है तथा जब उक्त पीड़ित थारा रैपुरा रिपोर्ट करने गये तो पुलिस द्वारा पुरे दिन बैठाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीडित युवकों में विनोद आदिवासी पिता सुखदेव आदिवासी ने बताया कि शाम लगभग आठ बजे वह अपने दोस्तों काशीराम पिता भारत आदिवासी एवं दुर्गेश पिता सिक्कू आदिवासी के साथ गांव में ही बिक रही अंग्रेजी शराब लेने पहुंचे थे। उसी दौरान शराब के नशें में आरोपीयों द्वारा मारपीट की गई है, तथा संबंधितों को आरोपीयों द्वारा बुरी तरह लाठी डंडो से मारपीट की गई थी। पीड़ितों द्वारा आरोपीयों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।

# गुनौर नगर परिषद अध्यक्ष के अथक प्रयासों से गुनौर को मिली विकास कार्यों की सौगात

**पन्ना।** गुनौर नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह ने बताया कि पार्क में बाउंड्री बाल का निर्माण, पेवर ब्लॉक, पथ-वे का निर्माण, हाई मास्क लाइट, बच्चों के खेलने के उपकरण, प्लांटेशन, ओपन जिम उपकरण आदि की व्यवस्था रहेगी जिसकी लागत राशि- 17.00 लाख, तालाब उन्नयन कार्य, लागत राशि- 45.00 लाख एवं मुख्यमंत्री शहरी अधो. योजना (चतुर्थ चरण) वार्ड क्र. 11 नरेन्द्र जैन से टोरिया स्कूल तक सड़क एवं पाथ वे निर्माण लागत राशि-29.94 लाख से होगा,यह नगर वासियों के लिए खुशी की बात है। इसका भूमि पूजन विधायक डॉ राजेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस भूमि पूजन कार्यक्रम के अवसर पर



सीएमओ, नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह,उपाध्यक्ष चंदन सपेरा, प्रीति बद्री पटेल, उप यंत्री देवेंद्र सोनी, पहलाद गौतम, कृष्ण कुमार पाठक,किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीकांत त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मलखान सिंह,पार्षद राजू लाल लोधी, रामपाल आदिवासी, पूनम सपेरा, कीर्ति प्रबल जैन, प्रीति बद्री पटेल, माया रैकवार, रामनिवास वर्मा, दीपक तिवारी, मांगू पाठक, जगदीश पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष महेंद्र, राम लखन तिवारी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष पहलाद गौतम, राजेंद्र चौबे सहित सभी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता सहित नगर परिषद के सभी कर्मचारी और ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घना में एक की मौत, दो घायल

**पन्ना।** पन्ना अमानगंज रोड़ ग्राम तारा के पास एक सड़क दुर्घटना में मोटर साईकिल सवार तीन लोग दुर्घटना ग्रस्त हुए थें। जिसमें एक युवक की मौत हो गई तथा दो अन्य बुरी तरह घायल हो गयें है। जिससे उन्हें ईलाज के लिए रीवा रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटना में मोतीलाल आदिवासी हाल निवास तारा जो पूर्व में ग्राम तालगांव का निवासी है, तथा पूर्व सरंपच का पुत्र है, उसकी मौत हो गई है, तथा दो अन्य युवक बुरी तरह घायल हुए है। बताया जाता है कि रात्रि के समय अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारी गई है। जिसमें उक्त लोग घायल हुए थें।

# खुदी सड़क तथा खुली नाली से लगातार लोग परेशान



**पन्ना।** नगर पंचायत देवेंद्रनगर अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 1 बिरवाहीं मोड़ के पास नल जल योजना के ठेकेदार द्वारा सड़क को महीनो पहले खोदकर डाल दिया गया है, अभी तक उक्त सड़क को बनवाया नहीं गया है, और न ही पाईप लाईन डाली गई है। वहीं दूसरी ओर पूर्व से बनें गहरी नाली खुली हुई है, जिससे उक्त नाली में लगातार मच्छर पनप रहें है तथा भारी बदबू एवं गंदगी से वार्डवासी परेशान है। जबकी वर्तमान समय में डेंगू, मलेरिया, से संबंधित बीमारियां फैल रहीं है, तथा लोगो के स्वास्थ खराब हो रहें है। लेकिन उसके बावजूद नगर परिषद देवेन्द्रनगर मौन बनीं हुई है। न तो नालियों की साफ सफाई की जा रही है, जिससे नालियां चोक है तथा खुदी पाईप लाईन पर भी ठेकेदार द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने जिला कलेक्टर को संबंधित मामले को संज्ञान मे लेकर कार्यवाही करने की मांग की है।

# तहसीलदार नें संकट मोचन आश्रम गड़ोखर का अतिक्रमण हटाया

**पन्ना।** अमानगंज तहसील अन्तर्गत ग्राम गडोखर में स्थित संकट मोचन आश्रम में अतिक्रमण कर्ताओं द्वारा आश्रम की जमीन पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा था तथा उसी आश्रम की जमीन पर पीएचई विभाग द्वारा टंकी का निर्माण भी किया जा रहा था, जिसको लेकर स्थानीय लोगो नें आपत्ति जताई थी, समाजिक कार्यकर्ता सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सक एमपी पान्डेय द्वारा उक्त संबंध में तहसीलदार अमानगंज से कार्यवाही करने की मांग की गई थी। जिसको लेकर संबंधित तहसीलदार नें कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाया तथा अवैध रूप से निर्मित की जा रहीं टंकी पर भी रोक लगाई गई है। ज्ञात हो कि उक्त जमीन आराजी नम्बर 683/2 0.05 आरे निजी भूमि स्वामी पट्टे की जमीन पर जबरन पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था। लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री पवई पंकज तन्तुवाय के द्वारा न्यायालय तहसीलदार के समक्ष जो लिखित बयान दिया गया है उसमें लिखा गया कि ग्राम वासियो के बताए अनुसार उक्त भूमि शासकीय है परन्तु न्यायालय तहसीलदार अमानगंज आर आई सहित पटवारी ने जा कर देखा नक्सा तरमीम किया गया उक्त भूमि निजी स्वामित्य पट्टे की पाई गई भूमी स्वामी डॉ एम पी पांडेय ने प्रमुख सचिव मुख्य मंत्री कार्यालय भोपाल को तमाम दस्यावेज संलग्न कर के आवेदन पत्र एक माह पहले भेजा गया राज्य साशन के निर्देश को अमल में लाते हुए कलेक्टर पन्ना के निर्देश पर न्यायालय तहसीलदार द्वारा जारी आदेश अनुसार निर्माण कार्य मे स्थगन आदेश पश्चात संकट मोचन आश्रम अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाही से क्षेत्रीय लोगों नें हर्ष व्यक्त किया है।

# जिले में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 13 नवम्बर को, कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न होगी

**पन्ना।** निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक 13 नवम्बर को कलेक्टर सुरेश कुमार अध्यक्षता में सम्पन्न होने जा रही है यह बैठक कार्यालयीन समय 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होना माना जा रहा है। निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिले के संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जहां आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहने के लिये निर्देशित किया गया है वहीं विकास की दिशा निर्माण कार्यों से आगे प्रगति को लेकर प्रगति को लेकर आयाम तय करेगी क्योंकि निश्चित ही निर्माण कार्यों की जहां समीक्षा बैठक में प्रगति के साथ-साथ उनकी गुणवत्ता व हालात समय पर पूर्ण करने को लेकर जहां स्वयं कलेक्टर पन्ना के सामने स्थिति तय होगी।

वहीं भावी समय में उक्त निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किये जाने को लेकर दिशा भी तय हो सकेगी। इसलिये यह बैठक निश्चित ही विकास के क्षेत्र में संबंधित निर्माण कार्यों को लेकर अहम मानी जा रही है।

# शीतकालीन खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ



**पन्ना।** विद्या की धरा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवेंद्रनगर में दीपावली के पश्चात शीतकालीन खेलों का आयोजन प्रारंभ हुआ। इन खेलों में कबड्डी, खो-खो, समता, पी.टी., मलखंभ आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शुरुआत हुई, जिसमें भैया-बहनों ने भजन, गीत, नाटक, चुटकुले और अन्य प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के प्राचार्य पूरन सिंह राजपूत जी ने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व समझाया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए विद्यालय परिवार हमेशा तत्पर रहता है और संपूर्ण मनोयोग से सहयोग करता है। वर्षा ऋतु के कारण खेल परिसर अभी तक गीला था, लेकिन अब परिस्थितियाँ अनुकूल हो चुकी हैं। विद्यालय ने शरद ऋतु के दौरान खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक व्यापक योजना तैयार की है। इसका उद्देश्य बच्चों का स्वास्थ्य सुधारना, उनके चतुर्दिक विकास को बढ़ावा देना और सामूहिक सहयोग, परस्पर सामंजस्य और स्नेह की भावना का संवर्धन करना है। इस प्रकार, विद्यालय में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए शीतकालीन खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## मतदाता सूची में नाम जुड़वाने रविवार को भी लगेगा विशेष कैंप

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 का एकजाई प्रारूप निर्वाचन नामावली का प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया गया है। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक कार्यालयीन समय में प्रत्येक मतदान केन्द्र में नियुक्त बीएलओ द्वारा दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है। आयोग के निर्देशानुसार शनिवार, 9 नवम्बर को मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विशेष कैम्प लगाया गया। रविवार, 10 नवम्बर को भी शिविर लगेंगे। इसके अलावा 16 एवं 17 नवम्बर को भी विशेष कैम्प आयोजित किए जायेंगे।

# बृजपुर में जैवविविधता पंजी हेतु डाटा संकलन की हुई बैठक



**पन्ना।** जनपद पंचायत पन्ना के लोक जैवविविधता पंजी निर्माण हेतु जैवविविधता एवं संबंधित परंपरागत ज्ञान के संकलन एवं संधारण के लिए आज दिनांक 10-11-2024 को ग्राम पंचायत बृजपुर में ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन बैठक का अयोजन किया गया। इस बैठक में पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पंच, अनुभवी किसान, वैद्य/हकीम, मछुआरे, सामाजिक/ सामुदायिक कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता आदि को आमंत्रित किया गया था। बैठक में ग्राम पंचायत क्षेत्र की जैवविविधता पर चर्चा करके जैवविविधता संबंधी परंपरागत ज्ञान का अर्जन किया गया। इस बैठक में प्रोजेक्ट के पी.आई. डॉ. मनोज कुमार शुक्ल, को-पी.आई. डॉ. मयंक सिंह, सरपंच पति रामदास अहिरवार, रोजगार सहायक वीरेंद्र कुमार मिश्र, वैद्य विष्णु कुमार मिश्र, मछुआरा नवकुमार मंडल, किसान राकेश मिश्र, अरुण प्रताप सिंह यादव, सुरेंद्र मिश्र, पप्पू, रमाशंकर तिवारी, विकास कुमार सोनी, राहुल त्रिवेदी, बबलू यादव आदि सामाजिक कार्यकर्ता रूपेश जैन, कृष्णपाल माली, आशा कार्यकर्ता श्रीमती वंदना मिश्रा, सरोज कुशवाहा, राम कुमारी मिश्रा तथा आशा दास आदि ने सक्रिय सहभागिता की।

# कई बार आपत्ति लगाकर जिला कोषालय से मनहर संकुल के शिक्षक संवर्ग क्रमोन्नति एरियर्स बिल किये गये वापस

**पन्ना।** जिला कोषालय कार्यालय पन्ना में आखिर चार-चार बार आपत्ति लगाकर मनहर संकुल पन्ना के शिक्षक संवर्ग क्रमोन्नति एरियर्स बिल को वापस किये जाने का खेल आखिर कब तक खेला जायेगा। स्वयं के पैसे को पास करने को लेकर टीओ कार्यालय के द्वारा आपत्ति के पीछे क्या है राज? एक बार दो बार तीन बार चार बार बिल वापस हुये इससे विभाग प्रमुख व उनके कार्यालय की कार्यशैली स्वयं ही बयां कर रही हालात। बीओ कार्यालय पन्ना के द्वारा क्या चार-चार बार में भी आपत्ति पूरी नहीं की जाती या कुछ और ही राज चर्चा का विषय, शिक्षक संवर्ग क्रमोन्नति एरियर्स बिल जो आपत्ति में ही फसे दो माह बीतने को शिक्षकों को नहीं मिल पाई राशि।

पन्ना। सुशासन की राह कहें या कि तानाशाही जहां शिक्षक संवर्ग मनहर संकुल क्रमोन्नति एरियर्स बिल जो शिक्षकों के हक की राशि है वह बिल पास करने में ट्रेजरी कार्यालय पन्ना के द्वारा चार बार आपत्ति लगाकर बीओ कार्यालय पन्ना वापस किये गये। पाचंवी बार का है इंतजार टीओ साहब बिल पास करेंगे या कि पुन: वापस भेज दिये जायेंगे कोई न कोई आपत्ति लगाकर चर्चा का विषय ट्रेजरी कार्यालय की कार्यप्रणाली आखिर ऐसी क्या आपत्ति है जिसकी पूर्ति चार बार में भी नहीं हो रही कोई न कोई कमी बताकर बिल वापस कर दिये जाते है वहीं बीओ



कार्यालय पन्ना की भी बात करें तो चार बार में आपत्ति की पूर्ति क्यों नहीं की गई। अपने आप में यह खेल बीओ कार्यालय व ट्रेजरी कार्यालय के बीच लिपिकों की कार्य प्रणाली कहें या कि जिम्मेदार अधिकारी भी इस खेल में रूचि के साथ खेलना उचित मानते है। आखिर टीओ कार्यालय में विगत दिवस इस मामले की जानकारी चाही गई तो मोबाइल पर टीओ साहब से बात की गई जो दो दिनों तक बिना प्रभार के कार्यालय जिनका चलता रहा वहीं अवकाश के बाद जब आपसे इन बिलों के बारे में जाना गया तो आपका यह कहना है कि बीओ कार्यालय पन्ना आपत्ति की पूर्ति नहीं की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि मंशा बिल पास करने को लेकर क्या है। वहीं इस संबंध में संबंधित बीओ पन्ना अशोक मिश्रा से मोबाइल पर बात करने की कोशिश की गई पर साहब का मोबाइल ही रिसीव नहीं हुआ। वहीं देखना यह है कि पांचवी बार टीओ कार्यालय पन्ना की मंशा की पूर्ति आपत्ति रूपी बीओ कार्यालय द्वारा पूर्ण की गई कि नहीं या कि पांचवी बार भी मनहर संकुल पन्ना के शिक्षक संवर्ग क्रमोन्नति एरियर्स बिल को हर बार की तरह वापस किया जाये या कि पास किये जायेंगे। इतना ही नहीं इन्हीं बिलों में से जो पहुंच वाले लोग होते है या फिर ट्रेजरी की मंशा पूर्ण करने की क्षमता रखते है तो बिल अलग से पास कर दिया जाता है। यह भी चर्चा का विषय आखिर इससे सहज ही अंदाजा लगाया जाता है कि टीओ कार्यालय पन्ना की कार्य प्रणाली क्या अधिकार बना बैठी है इसीलिये आपत्ति का खेल दो माह से सतत जारी चार बार में मनहर संकुल पन्ना के शिक्षक संवर्ग क्रमोन्नति एरियर्स बिल आपत्ति के खेल में बीओ के कार्यालय में व टीओ कार्यालय के बीच फुटबाल मैच की तरह जारी रहेगा यह खेल यह तो आगे आने वाला वक्त ही तय करेगा सबकी नजर में आयेगा संबंधि मामले में होता है क्या।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, बुधवार 13 नवम्बर 2024



कमिश्नर ने कार्यालय में आयोजित जन सुनवाई में आमजनता के आवेदनों में सुनवाई की। कमिश्नर ने शिक्षा विभाग में 18 माह से लंबित पेंशन प्रकरण तथा स्वत्वों के भुगतान न होने के संबंध में कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सात दिवस में प्रकरण का निराकरण करें।



# योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने के लिए नवाचार करें

## सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का लक्ष्य के अनुसार निराकरण करें : कमिश्नर

रीवा



कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं का लाभ आमजनता तक पहुंचाने के लिए नवाचार करें। आगामी बैठक में नवाचार के प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावी बनाएं। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के एजेण्डा बिन्दुओं के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। प्रकरणों के निराकरण के लिए निर्धारित साप्ताहिक लक्ष्य के अनुसार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। इस सप्ताह चिकित्सा शिक्षा विभाग, पीएचई विभाग, ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग ने अच्छा निराकरण किया है।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि कई विभागों में न्यायालयीन प्रकरण तथा पेंशन प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाबदावा दायर कराएं। साथ ही प्रकरण के संबंध में शासकीय अधिवक्ता से संपर्क कर विभाग का पक्ष न्यायालय में प्रस्तुत करें। लंबित पेंशन प्रकरणों की कमियाँ दूर करके 15 दिवस में इनका निराकरण कराएं। संभागीय अधिकारी तकनीकी शिक्षा तथा कौशल विकास प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जिलेवार तथा विकासखण्डवार जानकारी प्रस्तुत करें। मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल बिगड़े ट्रांसफार्मर बदलने का अभियान चलाएं। किसानों से न्यूनतम राशि जमा कराकर खराब ट्रांसफार्मर बदलें। बिजली की नियमित आपूर्ति तथा बिलों की वसूली पर ध्यान दें। कमिश्नर ने बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त अनुसूचित जाति तथा जनजातीय कल्याण विभाग, संयुक्त संचालक शिक्षा को नोटिस देने तथा प्रभारी अधिकारी पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने कहा कि नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में संभाग के सभी जिलों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सभी अधिकारी और कर्मचारी इनमें स्वेच्छा से रक्तदान करके पीड़ितों की सेवा के यज्ञ में अपना योगदान दें। आपके थोड़े से रक्तदान से पीड़ित को जीवनदान मिलेगा। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी नियमित रूप से रक्तदान करना लाभदायक होता है। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य रक्तदान शिविर की तिथियों का निर्धारण करके इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। बैठक में कमिश्नर ने खाद और बीज के वितरण, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण, धान उपार्जन की तैयारियों तथा हैण्डपंपों के सुधार के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त दिव्या त्रिपाठी, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ केएल नामदेव, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल आईके त्रिपाठी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास ऊषा सिंह सोलंकी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ राजेश मिश्रा, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा डॉ आरपी सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले की एक ग्राम पंचायत पूर्णतः सोलर ग्राम पंचायत बनाई जाएगी

**रीवा।** जिले की एक ग्राम पंचायत को पूर्णतः सोलर ग्राम पंचायत बनाया जाएगा। इसके तहत संबंधित ग्राम पंचायत के प्रत्येक घर को सोलर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि टीम बनाकर परीक्षण कराते हुए ग्राम पंचायत का चयन कराएं। इस कार्य के लिए एनआरएलएम को नोडल बनाया जाएगा तथा ग्राम पंचायतों की बैठक आयोजित कर सरपंचों व अन्य पदाधिकारियों के सहयोग से यह कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा है कि योजना के संबंध में ग्राम पंचायतों को सूचित किया जाए तथा मानकों में पात्र पाई जाने वाली ग्राम पंचायत को पूर्णतः सोलर ग्राम पंचायत बनाने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने कार्यालयों की छत में सोलर पैनल लगाए जाने के प्रस्ताव अक्षय ऊर्जा विभाग को 20 नवम्बर तक दें ताकि विभाग द्वारा कार्यालयों को सोलर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किया जा सके।

## जिला स्तरीय साधिकार समिति की बैठक संपन्न



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साधिकार समिति की बैठक में पुनर्घनत्वीकरण योजना के लिए रीवा शहर में निवर्तन योग्य भूमियों के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में संभागायुक्त आवासीय परिसर एवं उसके समीप स्थित एनएच कार्यालय परिसर, जिला पंचायत कार्यालय की भूमि, पुराना बस स्टैण्ड तथा जनपद कार्यालय रीवा परिसर एवं दुकानों के संबंध में क्षेत्रफलवार कलेक्टर गाइडलाइन की दर व मूल्य के अनुसार पुनर्घनत्वीकरण योजना से नवीन संरचनाओं के निर्माण पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पॉलिटेक्निक कालेज के सामने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय के आवासीय परिसर एवं जेल परिसर स्थित शासकीय भूमि के निवर्तन पर भी चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेडिकल कालेज की बाउन्ड्रीवाल, कलेक्ट्रेट में टायलेट निर्माण सहित सुपर स्पेशलिटी के डाक्टर्स क्वाटर्स तथा सिविल लाइन में नवीन आवासीय भवनों का निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराएं। उन्होंने आयुर्वेद कालेज भवन का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश पीआईयू के अधिकारियों को दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी अनिल सोनकर सहित निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### कमिश्नर आज करेंगे कृषि आदानों की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद 13 नवम्बर को कमिश्नर कार्यालय सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित बैठक में कृषि आदानों की समीक्षा करेंगे। बैठक में 20 नवम्बर को प्रस्तावित कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं में भी विभिन्न विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की जाएगी। संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम ने कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशु चिकित्सा सेवाएं, मछली पालन, कृषि अभियांत्रिकी शाखा, बीज निगम, मण्डी बोर्ड के अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

## भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रीवा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती 15 नवम्बर को जिले भर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस क्रम में जिले भर में 15 से 26 नवम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला शिक्षा अधिकारी, कुलसचिव अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय तथा अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को शासन के निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रमों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी शिक्षण संस्थाओं तथा छात्रावासों में भाषण, लोकनृत्य, संगोष्ठी, रैली तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे आयोजन करके भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालें। जनजातीय गौरव दिवस पर आदिवासी लोकनृत्य, लोकगीत तथा लोकनाट्य के भी आयोजन करें।

### खनि रियायत संबंधी बैठक आज

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय सभागार में खनि रियायत संबंधी बैठक 13 नवम्बर को शाम 4 बजे से आयोजित की जा रही है।

### भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

**रीवा।** भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के अवसर पर 15 नवम्बर को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले की 424 ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि पीएम जनमन अभियान के आधार पर 18 विभिन्न विभागों की 25 योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाकर समृद्ध ग्राम की अवधारणा पर आधारित गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। घरेलू एवं सामुदायिक बुनियादी संरचनाएं, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षण एवं प्रशिक्षण, विद्युतीकरण, आर्थिक सशक्तिकरण तथा कनेक्टिविटी आलवेदर गतिविधि की कार्ययोजना तैयार कर विशेष ग्राम सभा में अनुमोदन कराया जाएगा।

# राजस्व महाअभियान 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाया जाएगा

## राजस्व महाअभियान में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें : कमिश्नर

**रीवा।** शासन के निर्देशों के अनुसार 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक राजस्व महाअभियान-3 चलाया जाएगा। अभियान के तहत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार तथा नक्शा तरमीम के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना तथा अन्य राजस्व कार्यों के प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएगा। कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश देते हुए कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप राजस्व महाअभियान-3 का क्रियान्वयन करें। अभियान के लिए सभी कलेक्टर रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। बी-1 के वाचन के समय राजस्व निरीक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम बैठक लेकर शासन के निर्देशों को पटवारियों को अवगत कराएं। अभियान के दौरान कलेक्टर, अपर कलेक्टर तथा एसडीएम राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। प्रत्येक गांव में दीवार लेखन के माध्यम से शिविर की तिथियों की जानकारी दें। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी दें। कमिश्नर ने कहा कि रीवा संभाग के सभी जिलों में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। साथ ही नक्शा तरमीम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के शेष प्रकरणों में आधार सीडिंग एवं स्वामित्व योजना में पात्र हितग्राहियों को आवासीय पट्टे जारी करने की कार्यवाही भी करें। अभियान के दौरान अभिलेखों में सुधार, खसरे के अनुसार नक्शे में बटांकन दर्ज करने के प्रकरण निराकृत करें। अभियान के दौरान प्रत्येक भू स्वामी के खसरे नम्बर से आधार संख्या की सीडिंग कराएं। किसान पोर्टल पर स्वयं आधार सीडिंग कर सकता है। इसका सत्यापन पटवारी से कराएं। संभाग के सभी तहसीलों में निर्धारित अवधि में प्रत्येक पटवारी हल्के में शिविर लगाकर बी-1 का वाचन कराएं। बी-1 के वाचन से प्राप्त फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर उनका अभियान के दौरान निराकरण करें।

## किसान एनपीके और एसएसपी खाद का उपयोग करें : उप संचालक

**रीवा।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने जिले के किसानों से आगामी फसल की बोनी के लिये एनपीके तथा एसएसपी (सिंगल सुपर फास्फेट) खाद का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद भण्डारित है। डीएपी खाद भी लगभग सभी समितियों में उपलब्ध है। डीएपी खाद की आपूर्ति नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। डीएपी खाद उपलब्ध न होने पर उसके विकल्प के रूप में किसान एनपीके मिश्रण तथा सिंगल सुपर फास्फेट खाद का उपयोग करें। इन खादों के उपयोग से फसल उत्पादन में डीएपी के समान ही प्रभावकारी परिणाम मिलते हैं। जिले में सहकारी समितियों, विपणन संघ तथा निजी खाद विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में एनपीके तथा सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। उप संचालक ने बताया कि डीएपी खाद यानी डाई अमोनियम फास्फेट में फसल को मुख्य रूप से नाइट्रोजन तत्व की आपूर्ति होती है। साथ ही फास्फोरस की भी आपूर्ति होती है। जब किसान एनपीके तथा एसएसपी का उपयोग करता है तब फसल को नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटैशियम तीनों तत्व संतुलित मात्रा में प्राप्त हो जाते हैं।

## पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक आज

### कलेक्टर करेंगी सीएम राइज विद्यालयों के भवन निर्माण कार्य की समीक्षा

**रीवा।** जिले के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक 13 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में आहूत बैठक में सीएम राइज विद्यालयों के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जायेगी। इसी क्रम में दोपहर 12 बजे से बाणसागर सभागार में निर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक में किये जा रहे कार्यों तथा नवीन प्रस्तावित कार्यों/प्रोजेक्ट पर चर्चा होगी। संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित के निर्देश दिये गये हैं।

## जनकल्याण के लिए विकासखण्डों में शिविरों का आयोजन करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स को लोक कल्याण शिविरों के आयोजन के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि आमजनता के आवेदन पत्रों के मौके पर निराकरण तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी के प्रचार-प्रसार के लिए लोक कल्याण शिविरों का आयोजन करें। प्रत्येक विकासखण्ड में हर तीन माह में कम से कम एक शिविर का आयोजन करें। शिविर की तिथियों तथा स्थान का निर्धारण करके उसका ग्राम स्तरीय कर्मचारियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, जिससे अधिक से अधिक आमजन इसका लाभ उठा सकें। कमिश्नर ने कहा कि लोक कल्याण शिविरों में जिला और विकासखण्ड स्तर के सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। शिविरों में आमजनता से संवाद कर शासन की योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त करें। कलेक्टर प्रत्येक शिविर का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। शिविरों की विकासखण्डवार तथा माहवार तिथियों का निर्धारण करके उसकी प्रति प्रस्तुत करें।

### विशेष कोचिंग के लिए शिक्षकों के चयन हेतु आवेदन पत्र आज तक आमंत्रित

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के बालक एवं कन्या छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विशेष कोचिंग देकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड एकाउंटेंसी एवं कंपनी सेक्रेटरी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा। प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 11वी व 12वी के लिए वाणिज्य समूह में बहीखाता व लेखांकन विषय के लिए स्नातकोत्तर एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय व अशासकीय शिक्षक अपने आवेदन 13 नवम्बर तक जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# कलेक्टर ने 67 आवेदकों की सुनवाई की



**रीवा।** प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 67 आवेदकों की सुनवाई की। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में रामानुज चौरसिया भीटी गुढ़ ने बाणसागर नहर का लंबित मुआवजा देने का आवेदन दिया जिसे कलेक्टर ने भू-अर्जन शाखा को प्रेषित कर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने झल्लू प्रसाद चर्मकार लटियार जवा के खसरा में सुधार करने तथा लक्ष्मणपुर निवासी बैजनाथ साकेत के खसरा में नाम दर्ज करने के आवेदनों में तहसीलदार को कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इन्द्रपाल द्विवेदी खड्डा सेमरिया ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाने, बरौ सेमरिया के अंकुश पटेल ने पीसीसी सड़क निर्माण कराने का आवेदन दिया जिन्हें कलेक्टर ने सीईओ को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। खारा सेमरिया के मुन्नालाल के अवैध निर्माण पर रोक लगाये जाने, मंगलेश्वर सिंह जोन्ही निवासी के भूमि में रोपित सागौन के पौधों को खसरे में दर्ज कराने तथा जरहा निवासी आशुतोष उपाध्याय के विशाल बरगद के पेड़ को हटाने के आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया। मनोज सोनी पतौता ने आर्थिक सहायता प्रदान करने, रामनरेश द्विवेदी द्वारा लक्ष्मणबाग में पुजारी नियुक्त करने तथा शांति त्रिपाठी खरहरी द्वारा प्राथमिक शिक्षक में संविलियन कराने के आवेदनों पर कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। उन्होंने ओढ़की अमिलकी निवासी मानेन्द्र तिवारी के बिजली बिल में सुधार के आवेदन में बिजली विभाग के अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी एवं तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ल ने भी समस्यायें सुनीं। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833